CIN-NO-UT4999RJ2020PTC0679.
UN NO-200022186

Title Code-RAJHIN27921

# मरूधर विशेष

वर्षः 1 अंकः 21 | हिन्दी | प्रातः कालीन | जयपुर, शनिवार, 27 अगस्त, 2022 | पृष्ठ :4 | मूल्यः 2 रुपए

## एक्सप्रेस न्यूज

### औरंगाबाद में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**औरंगाबाद, (एजेंसी)।** बिहार के नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ तथा अवैध हथियार भी बरामद किया है। मदनपुर थाना अंतर्गत अजनवा पहाड़, कसमर स्थान बनवा और निमिया बयान के जंगली क्षेत्रों में नक्सलियों के विरुद्ध संयुक्त सर्व अभियान के फलस्वरूप उक्त क्षेत्र से केन आईईडी, अति शक्तिशाली केन आईईडी एक किलोग्राम, कोर्डेक्स वायर मीटर समेत अन्य विस्फोटक सामग्रियां बरामद की गयी, जिसे नष्ट कर दिया गया है। इसके अलावा एक 303 राइफल , 315 राइफल और मैगजीन एवं 315 बोर लाइव राउंड जब्त किया गया है।

### महिला हिंसा, रेप की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक : नीलम

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश में बढ़ रही महिला हिंसा और रेप की घटनाओं पर आम आदमी पार्टी की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष नीलम यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार की स्पष्ट रूप से विफलता है जिस कारण आए दिन प्रदेश में महिलाओं के साथ हिंसा और दुष्कर्म जैसी घटनाएं सामने आती जा रही हैं। उन्होंने ताजा घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रतापगढ़ जिले के महेशगंज थाने में तैनात दरोगा के खिलाफ किशोरी को जबरन शराब पिलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है जो अत्यंत दुखद है, इसी तरह सरोजनी नगर बंथरा में एक युवक ने महिला के साथ दुष्कर्म कर उसका जेवर और नकदी लूट लिया।

### तमिलनाडु को मिला बेस्ट माउंटेन अवार्ड

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में नीलगिरी और कॉनूर ने देश में बेस्ट माउंटेन, हिल व्यू डेस्टिनेशन के लिए आउटलुक ट्रैवलर अवार्ड्स-2022 का रजत पुरस्कार जीता है। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने राज्य पर्यटन विभाग के सचिव डॉ. चंद्र मोहन बी और तमिलनाडु पर्यटन विकास निगम (टीटीडीसी) पर्यटन के प्रबंध निदेशक और पर्यटन निदेशक संदीप नंदूरी ने नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में यह पुरस्कार प्रदत्त किया। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक इको-टूरिज्म डेस्टिनेशन, बेस्ट वाइल्डलाइफ डेस्टिनेशन, बेस्ट एडवेंचर डेस्टिनेशन और बेस्ट फेस्टिवल डेस्टिनेशन समेत 11 विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए।

### दोबारा नहीं होगी जेईई मेन्स परीक्षा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** आईआईटी में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम जेईई एडवांस्ड 2022 परीक्षा तय समय पर ही ली जाएगी। जेईई एडवांसड 2022 एग्जाम डेट में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। पूर्व निर्धारित शेड्यूल यानी रविवार, 28 अगस्त 2022 को ही आईआईटी जेईई एडवांस्ड परीक्षा का संचालन किया जाएगा। शुक्रवार करो सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाया है। याचिकाकर्ता का कहना था कि तकनीकि दिक्कतों के कारण जेईई मेन्स 2022 एग्जाम में वे 50 सवाल अटेम्प्ट नहीं कर पाए थे। ये तकनीकि खामी कैंडिडेट की गलती नहीं थी।

### उप्र एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू करे

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** एडवोकेट्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया की शुक्रवार को बैठक एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट हाईकोर्ट अजीत भास्कर की अध्यक्षता में प्रयागराज होटल में आयोजित हुई। अध्यक्ष अजीत भास्कर ने कहा कि यह एसोसिएशन आम वकीलों के हितों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और समय-समय पर यथोचित सहयोग प्रदान करता रहता है। उप्र सरकार वकीलों के लिए पांच लाख तक का मुफ्त चिकित्सा बीमा, उप्र अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति, लखनऊ में मृतक वकीलों के लंबित दावों का यथाशीघ्र भुगतान, जिलों में वकीलों के चैंबर का निर्माण, वकील व पत्रकार की मृत्यु पर एक समान धनराशि देने की व्यवस्था करे।

## आज का इतिहास

- **1604:** अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में गुरु ग्रंथ साहिब की स्थापना की गई।
- **1781:** हैदर अली ने ब्रिटिश सेना के खिलाफ पल्लीलोर का युद्ध लड़ा।
- **1870:** भारत के पहले मजदूर संगठन के रूप में श्रमजीवी संघ की स्थापना की गई।
- **1939:** जेट इंधन वाले विश्व के पहले विमान ने जर्मनी से पहली उड़ान भरी।
- **1976:** भारतीय सेना की प्रथम महिला जनरल जी अली राम मिलिट्री नर्सिंग सेवा की निदेशक नियुक्त हुईं।
- **1982:** आनंदमयी मां का निधन।
- **1990:** वाशिंगटन स्थित इराकी दूतावास के 55 में से 36 कर्मचारियों को अमेरिका ने निष्कासित कर दिया।
- **1991:** मालदोवा ने सोवियत संघ से आजाद होने की घोषणा की।
- **1999:** सोनाली बनर्जी भारत की प्रथम महिला मैरिन इंजीनियर बनीं।
- **2002:** 60,000 वर्षों के अंतराल के बाद मंगल पृथ्वी के सबसे समीप पहुंचा।

# टेक्सास में चार भारतीय महिलाओं पर नस्लीय हमले

## आई हेट यू इंडियंस कहा



**टेक्सास, (एजेंसी)।** अमेरिका के टेक्सास में अमेरिकी मूल की एक महिला ने चार भारतीय महिलाओं पर हिंसक नस्लवादी हमले किए हैं और अपशब्द कहते हुए उन्हें 'वापस जाने' के लिए कहा है। इस संबंध में एक वीडियो सामाने आया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

पुलिस के ट्वीट और वीडियो के अनुसार पुलिस ने हमलावर महिला को गुरुवार को हमला और आतंकवादी धमकी के आरोप में गिरफ्तार किया। यह वीडियो तब से वायरल हो गया है। वीडियो में आरोपी महिला अपशब्द बोलती है और भारतीय महिलाओं को भारत वापस जाने के लिए कहती नजर आ रही है। यह घटना बुधवार रात की है, जिसे टेक्सास के डलास में एक पार्किंग में अंजाम दिया गया। वायरल वीडियो में बातचीत के अनुसार यह घटना प्लानो में उस समय हुई जब भारतीय दोस्तों का एक समूह एक रेस्तरां से बाहर आया था।

आरोपी महिला वीडियो में खुद को मैक्सिकन-अमेरिकी बताती और भारतीय-अमेरिकी महिलाओं के समूह पर हमला करती दिख रही है। महिला वीडियो में कि मैं तुम भारतीय से नफरत करती हूं। ये सभी भारतीय अमेरिका इसलिए आते हैं क्योंकि वे एक बेहतर जिंदगी चाहते हैं, कहती नजर आ रही है। महिला की पहचान प्लानो की एस्मेराल्डा अप्टन के तौर पर हुई है। तीन महिलाओं ने हमलावर का वीडियो बनाया, वहीं एक अन्य को अधिकारियों से बात करते या फोन पर मदद मांगते देखा गया।

प्लानो पुलिस ने यह भी ट्वीट किया कि अप्टन से घृणा अपराध के लिए भी जांच की जा रही है। उस पर अतिरिक्त आरोप लग सकते हैं। उससे 10,000 अमेरिकी डॉलर का बांड भरवाया गया है। पुलिस ने हमलावर का एक मगशॉट जारी करते हुए इसे जेल फोटो बताया।

मीडिया के अनुसार, चार भारतीय महिलाएं एक खाली पार्किंग में अपनी कारों की ओर जा रही थीं, जब अप्टन ने उन्हें रोका।अपने नस्लवादी शेख़ी की शुरुआत करते हुए, अप्टन ने कहा कि हम आपको यहाँ नहीं चाहते। वापस भारत जाओ। उसने थोड़ी ही देर में फिर लौकर कहा कि वापस जाओ। यहां तक कि वह एक महिला पर हमला भी करती है और फिर दूसरी महिला पर भी। यह कहने के बाद कि अगर भारतीयों को लगता है कि भारत इतना महान है तो उन्हें वापस जाना चाहिए, क्योंकि उनका देश (अमेरिका) भारतीय को नहीं चाहता।

वीडियो में आरोपी महिला यह भी कहती नजर आ रही है, कि मैं जहां भी जाती हूं... तुम भारतीय हर जगह मिल जाते हो। अगर भारत में जीवन बेहतरीन है तो तुम यहां क्यों हो.. इसके बाद वह अपशब्द का इस्तेमाल करते हुए चिल्लाती है और भारतीय-महिलाओं के साथ मारपीट करने लगती है। अप्टन स्पष्ट करती है कि वह एक गोरी महिला नहीं है, बल्कि एक मैक्सिकन-अमेरिकी है। जब भारतीय महिलाएं कहती हैं कि वह मेक्सिको वापस क्यों नहीं जाती, तो वह कहती है कि वह अमेरिकी है, क्योंकि वह यहां पैदा हुई थी। ट्वीट में कहा गया कि हमलावर प्लानो में प्रिंस ऑफ पीस कैथोलिक चर्च में एक पैरिशियन है।

## अंतिम संस्कार के समय जिंदा हो गई बच्ची, फिर मौत

**मेक्सिको, (एजेंसी)।** पेट में इन्फेक्शन से तीन साल की कैमिली रोक्साना की मौत हो जाती है। अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी, तभी पता चला कि बच्ची तो जिंदा है। मामला कुछ ऐसा है कैमिली की मां मैरी जेन मेंडोजा ने बताया कि उनकी बेटी को लगातार उल्टी हो रही थी। विशेषज्ञ ने कैमिली को अस्पताल में एडमिट कराने की सलाह दी। जिसके बच्ची को फौरन अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद पैरासिटामोल देकर बच्ची को डिस्चार्ज कर दिया। घर लाने के बाद कैमिली की हालत दोबारा बिगड़ गई। जिसके बाद माता-पिता उसे लेकर फिर से उसी अस्पताल में पहुंचे जहां डॉक्टरों ने कैमिली को डेड डिक्लेयर कर दिया।

### पाक से भारतीय सीमा में घुसपैठ की फिराक में 100-120 दहशतगर्द

# आतंकवादी लांचपैड में मौजूद

## सतत संघर्ष विराम का कर रहे उल्लंघन



**श्रीनगर, (एजेंसी)।** पाकिस्तान की सीमा से 100-120 आतंकवादी भारतीय सीमा में घुसपैठ की फिराक में हैं, लेकिन बारामूला स्थित सेना के 19 वीं पैदल टुकड़ी (इन्फैंट्री डिवीजन) उन पर पैनी नजर रखे हुए है। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

बारामूला में नियंत्रण रेखा के पास गुरुवार को उरी सेक्टर के रास्ते कश्मीर घाटी में घुसने का प्रयास कर रहे तीन सशस्त्र घुसपैठियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था।सेना की 19वीं पैदल टुकड़ी के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल अजय चांदपुरी ने बताया कि आतंकी लॉन्च पैड में मौजूद है और वे सतत संघर्ष विराम का उल्लंघन कर भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि कई जानकारी के आधार पर हमारा आकलन है कि किसी भी समय लगभग 100-120 आतंकी घुसपैठ करने का प्रयास कर सकते हैं। संघर्ष विराम दोनों मुल्कों के लोगों के लिए अच्छा है।

### पाक की नई साजिश : राजोरी-पुंछ में आतंकी गतिविधियां बढ़ा रही आईएसआई

राजोरी, एजेंसी ।पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई राजोरी व पुंछ जिलों में आतंकवाद को बढ़ाने और इसे दोबारा जीवित करने का प्रयास कर रही है। पिछले कुछ महीनों से इन दोनों जिलों में आतंकी हमलों, एलओसी पर घुसपैठ और फिदायीन हमले तेजी से बढ़े हैं। आईएसआई के ऐसा करने की तीन प्रमुख वजह मानी जा रही हैं। सेना और पुलिस के रिटायर अफसरों का मानना है कि पाकिस्तान को लग रहा है कि कश्मीर में आतंकवाद दम तोड़ रहा है। वहां के लोग अब आतंकियों के साथ नहीं दे रहे। पाकिस्तान जम्मू में आतंकी गतिविधियां बढ़ा कर यह साबित करना चाहता है कि कश्मीर के लोग ही नहीं, बल्कि जम्मू के लोग भी भारत के खिलाफ हैं। इसके लिए राजोरी पुंछ के युवाओं को आतंकी संगठनों में शामिल करने और वहां आतंकी हमले बढ़ाए जा रहे हैं। पिछले छह महीनों में राजोरी में पांच ग्रेनेड हमले, दो फिदायीन हमले, छह बार आतंकी घुसपैठ का प्रयास हुआ है। जबकि राजोरी निवासी चार आतंकी भी दबोचे गए हैं। दो मुख्य वजह यह हैं सांबा और कठुआ बॉर्डर पर आतंकियों की घुसपैठ बहुत कम हुई है।

### देश की सीमाएं सुरक्षित : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह



**लखनऊ, (एजेंसी)।** उप्र की राजधानी पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। बहुत सारे लोग कंफ्यूजन क्रिएट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सेना दुश्मन को सबक सिखाना अच्छी तरह जानती है। ये बात पूरी दुनिया जान भी चुकी है। हमारे स्वाभिमान पर चोट की तो हम हर तरह से निपटने के लिए तैयार हैं।

### जेके पुलिस के पूर्व डीजीपी वैद ने कहा, कश्मीर पर कमजोर पड़ रहा है पाक



जेके पुलिस के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने बताया कि कश्मीर में दम तोड़ रहे आतंकवाद को अब जम्मू संभाग में जिंदा करने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई राजोरी और पुंछ जिले में आतंकी गतिविधियां बढ़ा रही है। पाक दुनिया के सामने कश्मीर को लेकर अपना पक्ष नहीं रख पा रहा। साथ ही जम्मू के राजोरी पुंछ की एलओसी पर अधिक घुसपैठ करने का प्रयास कर रहा है, ताकि दहशत पैदा की जा सके।

## दूसरे के शरीर में धड़केगा 16 माह के रिशांत का दिल



**दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली के जयप्रकाश नारायण एपिक्स ट्रॉमा सेंटर (जेपीएनएटीसी) में इलाज के दौरान भले ही 16 माह के रिशांत की मौत हो गई, लेकिन जाते जाते वह दो लोगों को नई जिंदगी दे गया। वहीं उसके टिश्यू कई लोगों को स्वास्थ्य लाभ देंगे। भले ही रिशांत ने अपने पिता का दिल तोड़ दिया, लेकिन उसका दिल अब किसी अन्य के शरीर में धड़केगा। जी हां, रिशांत के पिता ने गुरुवार को भारी मन से अंगदान की अनुमति दी। रिशांत को एम्स अस्पताल दिल्ली में मृत घोषित किया गया है।

जमुना पार्क में रहने वाले उपेंद्र ने बताया कि 17 अगस्त को उनके जिगर का टुकड़ा रिशांत (16 माह) खेलते खेलते गिर गया था। इससे उसे गंभीर चोटें आई थी। आनन फानन में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां से डॉक्टरों ने 17 अगस्त को जेपीएनएटीसी रेफर कर दिया। वहां से वह एम्स ले आए, जहां 24 अगस्त को डॉक्टरों ने उनके बेटे को मृत घोषित कर दिया।

### पिता ने दी थी अंगदान की मंजूरी

बच्चे रिशांत की मौत के बाद डॉक्टरों की टीम ने उसके पिता उपेंद्र व अन्य परिजनों की काउंसलिंग की। उन्हें अंगदान के बारे में विधिवत जानकारी दी गई। बताया गया कि रिशांत भले ही अपने शरीर में नहीं होगा, लेकिन उसके अंग दो लोगों को जीवन देंगे। वहीं उसके टिश्यू कई लोगों को स्वास्थ्य लाभ देंगे। डॉक्टरों के समझाने पर पिता उपेंद्र ने अंगदान को मंजूरी दे दी है। पांच बहनों के बाद पैदा हुआ था रिशांत: उपेंद्र ने बताया कि उन्हें लगातार पांच बेटियां पैदा हुई। उन्होंने बेटे के लिए खूब मन्नतें मांगी, आखिर में छठीं औलाद के रूप में रिशांत का जन्म हुआ था।

## मदर टेरेसा की 112वीं जयंती



मिशनरीज ऑफ चैरिटी की सुपीरियर जनरल सिस्टर मैरी जोसेफ, कोलकाता के आर्कबिशप थॉमस डिसूजा और ननों ने शुक्रवार को कोलकाता में मदर टेरेसा की 112वीं जयंती पर उनकी समाधि पर पूजा-अर्चना की।

## ब्रॉड गेज तीसरी लाइन डबरा-आंतरी रेल खंड का निरीक्षण



**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** रेल संरक्षा आयुक्त मोहम्मद लतीफ खान द्वारा शुक्रवार को मथुरा-झाँसी तीसरी लाइन परियोजना के अंतर्गत डबरा-आंतरी के मध्य (19.896 किमी) रेल खंड पर तीसरी लाइन के पूर्ण कार्य का निरीक्षण किया गया, जिसके अंतर्गत ट्रैक, सिग्नल, गेट, ओएचई, ब्रिज, पॉइंट्स आदि का गहन निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने इंस्पेक्शन कैरिज तथा मोटर ट्राली से रेलखंड के अंतर्गत आने वाले डबरा, अनंत पैठ एवं आंतरी स्टेशन पर सभी प्रकार के नए संस्थापनों तथा नये स्टेशन भवनों की परख की। साथ ही डबरा- आंतरी रेल खण्ड पर मोटर ट्रॉली से भी निरीक्षण किया । इसके साथ ही उनके द्वारा एलएचएस-396 तथा खण्ड के मेजर ब्रिजों का भी विस्तृत निरीक्षण किया गया निरीक्षण उपरान्त सम्बंधित नव स्थापित ट्रैक पर गाडी को 120 किमी.प्रति घंटा की स्पीड से दौड़ाकर स्पीड ट्रायल के माध्यम से ट्रैक की गुणवत्ता, रीडिंग क्वालिटी आदि की परख ली गईद्ध इसके उपरान्त रेल संरक्षा आयुक्त की अनुमति के उपरान्त यह नव तिहरीकृत रेल खंड यात्री गाड़ियों एवं मालगाड़ी के सुरक्षित संचालन हेतु उपलब्ध होगा। इस तीसरी लाइन के खंड के प्रारंभ होने से डबरा- आंतरी रेल खंड पर गाड़ियों के संचालन में सुगमता आएगी, गति मिलेगी तथा समय पालनता में वृद्धि होगी।

## उमरे प्रोन्नत अधिकारी संघ की बैठक आयोजित



**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** प्रयागराज मंडल के संकल्प सभागार में शुक्रवार को उमरे प्रोन्नत अधिकारी संघ प्रयागराज मंडल की बैठक एवं विदाई समारोह का आयोजन प्रोन्नत अधिकारी संघ के महासचिव डीके भरद्वाज की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए भारद्वाज ने कहा कि हम सभी प्रोन्नत अधिकारियों को इस मंच पर एकत्रित होने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा की प्रोन्नत अधिकारियों के कैरियर, सीनियरिटी, पदोन्नति आदि से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर इस संघ द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है तथा भविष्य में भी इस संघ द्वारा प्रोन्नत अधिकारियों के उज्जवल भविष्य के छेत्र में निरंतर कार्य किया जाता रहेगा। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर अपने - अपने सुझाव भी व्यक्त किए गए । इस बैठक के अवसर पर अगस्त माह में रिटायर हो रहे अधिकारी एस के सक्सेना एवं दिनेश शर्मा को उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा विदाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## न्यायिक कार्यों का जारी रहेगा बहिष्कार

### एसोसिएशन ने दिया दो टूक जवाब

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** राजस्व परिषद के अध्यक्ष के पहल पर शुक्रवार को राजस्व परिषद बार एसोसिएशन तथा परिषद के न्यायिक सदस्यों की संयुक्त बैठक हुई। एशोसिएशन अध्यक्ष हर्ष नारायण शर्मा के नेतृत्व मे अधिवक्ता तथा सदस्य प्रभारी अमर नाथ उपाध्याय, आईएस, श्रीकांत मिश्रा, आईएस, ओपी आर्या, आईएस, ओपी राय आईएस न्यायिक सदस्यों की संयुक्त बैठक संपन्न हुई।

बैठक मे एसोसिएशन ने अपनी मांगों को पुनः दोहराया तथा अध्यक्ष के अविधिक कदम से प्रयागराज की गरिमा समाप्त हो रही है। वकीलों ने कहां की अध्यक्ष की तानाशाही आदेश को जिसमे स्टाम्प वादों एवं स्थान्तरण प्रार्थना, प्रार्थना पत्र का लखनऊ राजस्व परिषद मे स्थान्तरित किया गया है, को वापस नही लिया जाता है, तब तक अधिवक्ता संघर्ष जारी रखेगें तथा न्यायिक कार्यों विरत रहेगें।

**कामयाबी** — वंदे भारत एक्सप्रेस ने दूसरे स्पीड ट्रायल को किया पास

# 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** इन दिनों देश की तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल जोर-शोर से जारी है। इस बीच केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्विटर पर वंदे भारत एक्सप्रेस के ट्रायल का एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से भागते हुए नजर आई। परीक्षण के दौरान ट्रेन 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ने में सफल रही। ये ट्रेन का दूसरा स्पीड ट्रायल था।

केंद्रीय मंत्री ने ने ट्विटर पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ÷वंदेभारत का दूसरा स्पीड ट्रायल 120/130/150 और 180 किमी प्रति घंटे पर कोटा-नागदा खंड के बीच शुरू हुआ। वंदे भारत एक्सप्रेस मौजूदा शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन की जगह लेगी। ट्रेन 18 200 किमी प्रति घंटे को छूने में सक्षम है बशर्ते भारतीय रेलवे की बाकी प्रणाली जैसे ट्रैक और सिग्नल की अनुमति हो।

16 डिब्बों के साथ ट्रेन में शताब्दी एक्सप्रेस के समान यात्री वहन क्षमता होगी। इसके दोनों सिरों पर वायुगतिकीय रूप से डिजाइन किए गए ड्राइवर केबिन हैं, जो गंतव्यों पर त्वरित मोड़ के लिए हैं। ट्रेन एक उन्नत पुनर्योजी ब्रेकिंग सिस्टम को स्पोर्ट करती है जो बिजली की बचत करती है। पूरी तरह से वातानुकूलित ट्रेन यात्रियों को बेहतर आराम और सुरक्षा प्रदान करती है क्योंकि सभी उपकरण गाड़ी के नीचे लगे होते हैं ताकि बोर्ड पर अधिक जगह उपलब्ध हो।

110 किमी के सफल ट्रायल रन के बाद इस नए के दूसरे चरण का ट्रायल रन कोटा-नागदा खंड पर शुरू हुआ। यह ट्रायल रन कोटा और नागदा रेलवे स्टेशन के बीच 225 किमी के सेक्शन में किया गया, जिस पर ट्रेन अपनी अधिकतम 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलाई गई।

**खास बातें**

- पिछली ट्रेनों की तुलना में हल्के डिब्बे होने के कारण नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा करना अधिक आरामदायक होगा।
- सुरक्षा आयुक्त से हरी झंडी मिलने के बाद नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन दूसरे नए रूट पर चलने लगेगी।

## सभी को सम्मान पाने का अधिकार है : भाजपा



**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** हर वर्ग का व्यक्ति चाहे वह कितना भी छोटा काम करता हो उसे सम्मान पाने का अधिकार है यह बातें प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा भाजपा डॉ. कीर्तिका अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय महिला समानता दिवस पर अल्लापुर मलिन बस्ती में रहने वाली महिलाओं एवं सफाई कर्मियों के सम्मान समारोह में कहीं।

डॉ. कीर्तिका अग्रवाल ने कहा की सरकार समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए संकल्पित है, हर वर्ग का व्यक्ति चाहे वह कितना भी छोटा काम करता हो उसे सम्मान पाने का अधिकार है। इसी से समाज में समानता होगी जो भी समाज में स्वयं को वंचित शोषित महसूस करते हैं। योगी सरकार सदैव उनके साथ खड़ी हैं।

# रोहित सहित भारतीय टीम ने किया जमकर अभ्यास

दुबई।(एजेंसी)।

एशिया कप क्रिकेट में रविवार को पाकिस्तान से होने वाले मुकाबले से ठीक पहले भारतीय टीम ने जमकर अभ्यास किया। इसमें कप्तान रोहित शर्मा सहित सभी खिलाड़ी शामिल थे। रोहित ने इस दौरान नेट्स पर लंबे शॉट खेले। बल्लेबाजों के साथ ही गेंदबाजों ने भी अभ्यास सत्र में भाग लिया। अभ्यास समाप्त होने के बाद रोहित किक स्कूटर चलाते हुए दिखे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसका एक वीडियो भी अपने ट्विटर अकाउंट से साझा किया है। इसमें रोहित को किक स्कूटर चलाते देखा गया है। इस वीडियो के साथ बीसीसीआई ने लिखा, अभ्यास सत्र के बाद कप्तान रोहित का स्टाइल। रोहित सीमा रेखा के पास इस किक स्कूटर को चलाते हुए दिखे। रोहित एशिया कप से टीम में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले उन्हें तरोताजा होने के लिए आराम दिया गया था।

इससे पहले, रोहित ने गत सप्ताह भारत और पाक के मैच को लेकर कहा था कि इस मुकाबले पर हर किसी की नजर होती है पर इसमें कोई शक नहीं कि इस मैच में दबाव होगा पर हम मुकाबले को लेकर बहुत ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। टीम इसे किसी आम मैच की तरह ही लेगी। हमारा प्रयास है कि टीम का माहौल अच्छा बना रहे और खिलाड़ी अतिरिक्त दबाव न लें।



## विश्व चैंपियनशिप: सात्विक-चिराग ने पुरुष युगल में भारत का पहला पदक पक्का किया



टोक्यो (एजेंसी)।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी की विश्व में दूसरे नंबर की जापानी जोड़ी को हराकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपना पहला पदक पक्का किया। इस माह के शुरू में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली विश्व में सातवें नंबर की भारतीय जोड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन करके खिताब की प्रबल दावेदार और मौजूदा चैंपियन जापानी जोड़ी को एक घंटे 15 मिनट तक चले मैच में 24-22, 15-21, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इसके साथ ही पहली बार विश्व चैंपियनशिप में अपने लिए पदक सुनिश्चित किया।

यह भारत का विश्व चैंपियनशिप में युगल में दूसरा पदक है। इससे पहले ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने 2011 में महिला युगल में पदक जीता था। इससे पहले एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला का विजय अभियान तीन बार के स्वर्ण पदक विजेता मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान की जोड़ी से पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में हारने के साथ समाप्त हो गया। गैरवरीय भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया की तीसरी वरीय जोड़ी से 30 मिनट से भी कम समय में 8-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले दूसरे दौर में डेनमार्क के आठवीं वरीयता प्राप्त किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कारुप रासमुसेन को हराया था।

## मंधाना, शैफाली आईसीसी के '100 परसेंट क्रिकेट सुपरस्टार्स' की सूची में शामिल



दुबई (एजेंसी)।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना और सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा को अपनी ÷100 परसेंट क्रिकेट सुपरस्टार्स÷ की सूची में शामिल किया है। मंधाना को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आये एक दशक होने जा रहा है। इस दौरान इस बल्लेबाज का प्रदर्शन लगातार निखरता गया है। मंधाना ने अपने प्रदर्शन को स्वयं को एक भरोसेमंद बल्लेबाज साबित किया है। आईसीसी ने 4 और महिला खिलाड़ियों को इस सूची में जोड़ा है। इनमें पाकिस्तान की फातिमा शेख, ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर, इंग्लैंड की सोफिया डंकले और आयरलैंड की गैबी लुईस भी शामिल हैं।

मंधाना ने 74 एकदिवसीय मैचों में 42.52 की औसत से कुल 2,892 रन बनाए हैं। इनमें पांच शतक और 23 अर्द्धशतक शामिल हैं। वहीं टी20 क्रिकेट में उनके नाम 92 मैचों में 2,192 रन हैं जिसमें 16 अर्धशतक शामिल हैं। मंधाना ने इसके अलावा चार टेस्ट मैचों में एक शतक और दो अर्द्धशतक लगाये हैं। बल्लेबाजी में निरंतरता के कारण ही मंधाना साल 2021 के लिए आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर के रूप में नामांकित की गयी थीं जबकि आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में वह 10वें और टी20 रैंकिग में चौथे स्थान पर थीं। मंधाना ने इंग्लैंड में द हंड्रेड क्रिकेट टूर्नामेंट में भी अब तक शानदार प्रदर्शन किया है।

# द हंड्रेड में स्मृति मांधना ने जड़ा शानदार अर्धशतक, भारतीय टीम की हुई बड़ी जीत

नयी दिल्ली।(एजेंसी)।

साउथम्पटन। भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना के शानदार अर्धशतक की मदद से सदर्न ब्रेव ने ट्रेंट रॉकेट्स को 10 विकेट से हराकर 'द हंड्रेड' क्रिकेट टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में अपनी जगह सुरक्षित की। मंधाना ने 31 गेंदों पर 57 रन बनाए जिसमें नौ चौके और दो छक्के भी शामिल हैं। इससे पहले लॉरेन बेल ने 10 रन देकर चार विकेट लिए और रॉकेटस की टीम को आठ विकेट पर 88 रन ही बनाने दिए।

छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज डैनी वायट ने अपनी टीम को 44 गेंद शेष रहते ही जीत दिला दी। वायट ने 25 गेंदों पर 36 रन बनाए। मंधाना ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने पहली गेंद पर ही चौका जड़ा और केवल 30 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने विजयी छक्का भी लगाया।



## विराट ने धोनी को याद करते हुए दोनो के जर्सी नंबरों का जिक्र किया



नई दिल्ली (एजेंसी)।

खराब फार्म से गुजर रहे भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक भावुक ट्वीट करते हुए पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को याद किया है। विराट ने अपनी इस पोस्ट में धोनी और अपनी जर्सी के नंबरों का जिक्र किया है। धोनी सात नंबर की जर्सी पहनते थे, जबकि विराट का जर्सी नंबर 18 है। इन दोनो का कुल योग 25 होता है। ऐसे में माना जा रहा है कि गुरुवार 25 तारीख होने के कारण ही विराट ने यह ट्वीट किया होगा। वहीं प्रशंसक अचानक आये विराट के इस ट्वीट से हैरान हो गये और उन्होंने कहा कि कही भावुक होकर संन्यास न ले लेना।

गौरतलब है कि धोनी की कप्तानी में ही विराट ने अपना अंतरराष्ट्रीय करियर शुरू किया था और बाद में वह उप-कप्तान भी बने। धोनी के टेस्ट कप्तानी छोड़ने के बाद विराट को भारतीय टीम की कमान दी गयी थी। विराट और धोनी की जोड़ी हमेशा सुपरहिट बनी रही है। धोनी ने 15 अगस्त 2020 को सीमित ओवरों के अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया था। विराट ने धोनी के संन्यास के कुछ समय बाद ही पहले टी20 की कप्तानी छोड़ दी थी जबकि उन्हें एकदिवसीय कप्तानी से हटा दिया गया था। ऐसे में विराट ने टेस्ट कप्तानी से भी इस्तीफा दे दिया।

## रहाणे दलीप ट्रॉफी में पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करेंगे

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को एक और अवसर देते हुए उन्हें अगले माह 8 से 25 सितंबर तक तमिलनाडु में होने वाली दलीप ट्रॉफी के लिए पश्चिम क्षेत्र की टीम का कप्तान बनाया है। इस टीम में रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची मुंबई की टीम के खिलाड़ियों को जगह मिली है। पश्चिम क्षेत्र की टीम में पृथ्वी शॉ, शार्दुल ठाकुर, के अलावा यशस्वी जायसवाल, शम्स मुलानी, हार्दिक तामारे और तनुष कोटियान को भी जगह मिली है। सौराष्ट्र के अनुभवी जयदेव उनादकट और राहुल त्रिपाठी भी इस टीम में जगह हासिल करने में सफल रहे हैं। रहाणे को आईपीएल के दौरान चोट लगी थी और इसके बाद से ही वह कड़े 'रिहैबिलिटेशन' में रहे थे। वहीं टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद उनके भविष्य को लेकर आशंकाएं जाहिर की जा रहीं थीं। रहाणे को दिसंबर में बांग्लादेश दौरे के लिये शायद ही जगह मिले पर अगर वह हैं रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए शामिल किया जा सकता है। रहाणे ने मुंबई के लिये पूरे घरेलू सत्र में खेलने की प्रतिबद्धता दी है और वह टीम की कप्तानी भी करेंगे।

## एशिया कप: आईपीएल जैसा प्रदर्शन जारी रखना चाहते हैं श्रीलंकाई बल्लेबाज भानुका राजपक्षे



**दुबई।** श्रीलंका के बल्लेबाज भानुका राजपक्षे शनिवार से यहां शुरू होने वाले एशिया कप में वैसा ही क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहते हैं जैसा उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेला था। इस साल आईपीएल में राजपक्षे ने पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया था और अपने 'पावर हिटिंग' कौशल से कुछ प्रभावित करने वाली आक्रामक पारियां खेली थीं। राजपक्षे ने कहा, 'आईपीएल में खेलने का अनुभव मेरे लिये टीम में अच्छी ऊर्जा लाएगा।' उन्होंने कहा, 'श्रीलंकाई टीम में वापसी में मैं काफी सकारात्मकता लेकर आया हूं क्योंकि मैंने आईपीएल में शिखर धवन, मयंक अग्रवाल और केजी (कागिसो रबाडा) जैसे खिलाड़ियों से काफी बातचीत की थी।' राजपक्षे ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मुझे उन बातों की जानकारी देने की जरूरत है लेकिन इनसे काफी सकारात्मकता आई।' उन्होंने कहा, 'मैं उम्मीद कर रहा हूं कि हम विश्व क्रिकेट में भी उसी तरह का क्रिकेट खेल सकते हैं।' पंजाब किंग्स के लिए 30 वर्षीय राजपक्षे ने 159.68 के स्ट्राइक रेट से 206 रन बनाए थे। श्रीलंकाई टीम शनिवार को एशिया कप के शुरुआती मुकाबले में अफगानिस्तान से भिड़ेगी।

# भारत के खिलाफ मैच से पहले पाकिस्तान टीम की बढ़ी मुश्किलें, शाहीन के बाद अब ये तेज गेंदबाज भी हुआ चोटिल

दुबई।(एजेंसी)।

तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी के चोटिल होने के कारण एशिया कप से बाहर होने के बाद पाकिस्तान के एक अन्य तेज गेंदबाज मोहम्मद वसीम को भारत के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले पीठ दर्द के कारण अभ्यास सत्र छोड़ना पड़ा। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी को चोट का स्थिति का सही आकलन करने के लिए एमआरआई स्कैन के लिए भेजा गया है। उन्होंने गुरुवार को यहां आईसीसी अकादमी में नेट अभ्यास के दौरान पीठ में दर्द की शिकायत की थी। 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) किसी तरह का जोखिम नहीं उठाना चाहता और इसलिए उसने तेज गेंदबाज को एहतियात के तौर पर स्कैन के लिए भेजा।

इस युवा तेज गेंदबाज ने पाकिस्तान के लिए अभी तक आठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच और 11 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने पिछले साल जुलाई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। पाकिस्तान इस तेज गेंदबाज के जल्दी ठीक होने की उम्मीद करेगा क्योंकि वह पहले ही अपने प्रमुख गेंदबाज शाहीन के बिना खेलेगा जो कि घुटने की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। पाकिस्तान एशिया कप में अपना पहला मैच रविवार को भारत के खिलाफ खेलेगा।



## प्रो कबड्डी लीग का नया सत्र सात अक्टूबर से, दर्शकों को भी होगी अनुमति



**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के नौवें सत्र की शुरुआत सात अक्टूबर को होगी जिसमें दर्शकों को स्टेडियम में आने की अनुमति दी जाएगी। आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। इस प्रतियोगिता के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि लीग चरण के मैच बेंगलुरू, पुणे और हैदराबाद में खेले जाएंगे। लीग चरण दिसंबर तक चलेगा। कोविड-19 महामारी के कारण पिछले सत्र में दर्शकों को स्टेडियम में आने की अनुमति नहीं दी गई थी। आगामी सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी पांच और छह अगस्त को की गई थी।

# भारत के अर्जुन एरिगासी नें जीता आबू धाबी मास्टर्स शतरंज का खिताब, विश्व के टॉप 25 में हुए शामिल

आबू धाबी (एजेंसी)।


भारत के 18 वर्षीय ग्रांड मास्टर अर्जुन एरिगासी नें अपने खेल जीवन में अब तक का सबसे मजबूत आबू धाबी मास्टर्स शतरंज का खिताब जीतकर एक बार फिर सभी को प्रभावित किया है । 31 देशो के 142 खिलाड़ियों के बीच 9 राउंड के इस टूर्नामेंट में अर्जुन नें 6 जीत और 3 ड्रॉ के साथ अपराजित रहते हुए 7.5 अंक बनाकर पहले स्थान पर कब्जा जमाया। अर्जुन नें अंतिम राउंड में सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए स्पेन के डेविड अंटोन के खिलाफ एक रोमांचक मुक़ाबला 72 चालों में अपने नाम किया । अर्जुन इस



जीत के बाद विश्व रैंकिंग में 25वे स्थान पर पहुँच गए है और अब विश्वनाथन आनंद (2756), डी गुकेश (2728) के बाद 2724 अंक लेकर तीसरे नंबर के भारतीय खेलाड़ी बन गए है । उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव नें अंतिम राउंड में ईरान के अमीन तावतबाई को पराजित करते हुए 7 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद 9 खिलाड़ी 6.5 अंको पर रहे ,पर बेहतर टाइब्रेक के आधार पर नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट ,यूएसए के रोबसोन रे ,उज्बेकिस्तान के याकूब्बोएव नोदिरबेक ,भारत के निहाल सरीन ,एसपी सेथुरमन आदित्य सामंत ,मुरली कार्तिकेयन और आर्यन चोपड़ा क्रमशः तीसरे से दसवें स्थान पर रहे । भारत नें प्रतियोगिता के 10 में से 6 स्थानो पर कब्जा जमाकर एकबार फिर अपनी क्षमता से दुनिया का परिचय कराया ।

## यूएस ओपन में भी नहीं दिखेंगे नोवाक जोकोविच

**नई दिल्ली।** दुनिया के दिग्गज टेनिस खिलाडियों की फेहरिस्त में शुमार 21 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच इस साल यूएस ओपन में नहीं दिखेंगे। कोरोना वैक्सीन न लेने की जिद पर अड़े जोकोविच ने साल के चौथे ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन से खुद के अलग होने की पुष्टि गुरूवार को कर दी। उन्होंने कहा- निराशाजनक, मैं इस बार यूएस ओपन के लिए न्यूयार्क की यात्रा नहीं कर पाऊंगा। धन्यवाद। मेरे साथी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। मैं सकारात्मक भाव से रहूंगा और फिर से प्रतिस्पर्धा करने के अवसर की प्रतीक्षा करूंगा। जल्द ही मिलते हैं टेनिस की दुनिया में। गौरतलब है कि कोरोना वैक्सीन नहीं लगवाने की जिद के चलते जोकोविच को इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलने से मना कर दिया गया था।



# राष्ट्रमंडल खेलों का हॉकी फाइनल नहीं खेलना निराशाजनक था: विवेक सागर प्रसाद

नई दिल्ली (एजेंसी)।

भारतीय पुरूष हॉकी टीम के मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद ने कहा कि वह घुटने की चोट के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में नहीं खेल पाने से काफी निराश थे। भारत को राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में आस्ट्रेलिया से 0-7 से हार मिली थी जिससे उसे रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।

विवेक ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा- आस्ट्रेलिया के खिलाफ राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में नहीं खेलने से मैं निराश था। उन्होंने कहा- इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में खेलना किसी भी खिलाड़ी के लिए बहुत बड़ी बात है। अच्छा खेलकर फाइनल में पहुंचना और फिर चोट के कारण फाइनल में नहीं खेल पाना मेरे लिए निराशाजनक था।

विवेक ने कहा- मैं फाइनल में अपनी टीम के साथ होना चाहता था। लेकिन खेलों में ऐसा होता है। इसलिये हम इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते। ये विवेक के दूसरे राष्ट्रमंडल खेल थे, 2018 में गोल्ड कोस्ट चरण में वह टीम में सबसे युवा खिलाड़ी थे जो पदक के बिना स्वदेश लौटी थी।

उन्होंने कहा- 2018 राष्ट्रमंडल खेल में तब बहु स्पर्धा खेल प्रतियोगिता में मेरा पहला अनुभव था। मैं काफी युवा और काफी रोमांचित था। लेकिन बतौर टीम यह हमारे लिए काफी निराशाजनक था। इस बार हम अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध थे लेकिन फिर फाइनल में चीजें योजना के अनुसार नहीं हुईं।

पिछले कुछ हफ्तों में आराम करने के बाद विवेक सोमवार से बेंगलुरू के भारतीय खेल प्राधिकरण में राष्ट्रीय शिविर में जुड़ने को तैयार हैं। उन्होंने कहा- यह मामूली चोट थी। पिछले कुछ हफ्तों में आराम करने के बाद मैं शिविर में टीम के साथियों से जुड़ने और जनवरी में भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले ओडिशा पुरूष हॉकी विश्व कप 2023 के लिये अपनी तैयारियां शुरू करने को लेकर उत्सुक हूं। विवेक ने कहा- मुझे पूरा भरोसा है कि जब मैं शिविर से जुड़ूंगा तो टीम का सहयोगी स्टाफ मेरे उबरने की प्रक्रिया को देखेगा और मेरेकार्यभार की योजना बनाएगा।



## जर्मन गोलकीपर केविन ट्रैप ने मैनचेस्टर यूनाइटेड का प्रस्ताव ठुकराया

**फ्रैंकफर्ट।** जर्मनी और आइंट्रैच फ्रैंकफर्ट के गोलकीपर केविन ट्रैप ने कहा है कि उन्होंने जर्मन क्लब में बने रहने के लिए मैनचेस्टर यूनाइटेड का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। रिपोर्टों के अनुसार यूनाइटेड ने इस 32 वर्षीय खिलाड़ी के सामने चार साल के अनुबंध की पेशकश की थी। ट्रैप जर्मनी के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और इससे पहले पेरिस सेंट जर्मेन और कैसरस्लॉटर्न के लिए भी खेल चुके हैं। ट्रैप ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, 'यह सच है कि मुझे लिखित पेशकश की गई थी। मैनचेस्टर यूनाइटेड वैश्विक क्लब है और हर कोई इस बात को समझ सकता है कि मैंने इस प्रस्ताव पर काफी विचार किया।' उन्होंने कहा, 'मैंने कल दोनों क्लबों के प्रतिनिधियों से बात की और उन्हें बताया मैं फ्रैंकफर्ट में ही बने रहना चाहता हूं।'

## इराक की राजधानी बगदाद में विस्फोट,ऑस्ट्रेलियाई राजनयिकों को बनाया गया निशाना

बगदाद। इराक की राजधानी बगदाद में ऑस्ट्रेलियाई राजनयिकों को निशाना बनाकर शुक्रवार को एक विस्फोट किया गया। सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बगदाद में उस स्थान पर विस्फोटक लगाया गया था जहां से ऑस्ट्रेलियाई राजनयिक का काफिला गुजरने वाला था। उन्होंने बताया किइस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया का राजनयिक मिशन प्रभावशाली शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र और प्रतिद्वंद्वी शिया पार्टियों के ईरान समर्थित गुट के बीच मध्यस्थता करने के प्रयास कर रहा है और इन प्रयासों के बीच यह विस्फोट हुआ है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-कदीमी इन समूहों के बीच समझौता कराने में असफल रहे हैं। विस्फोट के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई राजनयिकों का काफिला सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में सफल रहा।

## अमेरिकी पत्रकार अंगद सिंह को दिल्ली एयरपोर्ट से वापस न्यूयॉर्क भेजा, मां ने फेसबुक पर पोस्ट कर किया दावा

वाशिंगटन। अमेरिकी पत्रकार अंगद सिंह 18 घंटे की न्यूयॉर्क की यात्रा कर जैसे ही भारत पहुंचे तो उनके साथ कुछ ऐसा हो गया जो शायद उन्होंने कभी सोचा भी नहीं होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अंगद सिंह के दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने के बाद उन्हें वापस न्यूयॉर्क भेज दिया गया। इस बात की जानकारी अंगद सिंह की मां गुरमीत सिंह ने फेसबुक पोस्ट के जरिए दी है। उन्होंने दावा किया कि अंगद भारत एक निजी यात्रा पर आए थे और उन्हें कुछ ही घंटों में वापस न्यूयॉर्क भेज दिया गया। गुरमीत सिंह की मां ने कहा कि उनका बेटा अमेरिकी नागरिक है और अपने परिवार से मिलने भारत आया था। दिल्ली से वह पंजाब आने वाला था लेकिन पहले ही अंगद को वापस अमेरिका रवाना कर दिया गया। अंगद सिंह वाइस न्यूज के लिए एशिया सेंट्रिक डॉक्यूमेंट्री बनाते है। अंगद की मां के मुताबिक, अंगद को वापस न्यूयॉर्क भेजने का कोई भी कारण नहीं बताया। अंगद की मां का कहना है कि उसे उसकी पत्रकारिता के कारण वापस भेजा गया है। अंगद ने भारत से संबंधित तीन कृषि कानून और कोरोना महामारी के ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई थी। इसके अलावा उन्होंने कोरोना के वेरिएंट डेल्टा की भी कवरेज की थी जिसके लिए उन्हें एमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया था। अंगद सिंह की मां गुरमीत सिंह ने कहा कि वह अपने देश से बहुत प्यार करता है और वाइस न्यूज के लिए बेहतरीन काम भी कर रहा है। अंगद को न्यूयॉर्क वापस भेजने के पीछे के कारण पर अब तक कोई भी अधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है।


## वैश्विक व्यवस्था के लिये खतरा बन रहे हैं चीन और रूस: ताइवान

ताइपे। ताइवानी राष्ट्रपति ने कहा कि बीजिंग द्वारा ताइवान के पास बड़े स्तर पर सैन्य अभ्यास करने और यूक्रेन पर मॉस्को के हमले के जरिये चीन और रूस वैश्विक व्यवस्था को बिगाड़ना और खतरे में डालना चाहते हैं। राष्ट्रपति साई इंग वेन ने अमेरिका की सीनेटर मार्शा ब्लैकबर्न के साथ ताइपे में हुई एक बैठक के दौरान यह बात कही। अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की इस महीने हुई यात्रा के बाद ब्लैकबर्न की यह दूसरी ताइवान यात्रा है। पेलोसी की इस यात्रा को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए चीन ने ताइवान द्वीप के पास सैन्य अभ्यास किया जिसमें कई मिसाइलें दागी गई और दर्जनों युद्धपोत तथा युद्धक विमानों ने हिस्सा लिया। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और जरूरत पड़ने पर सैन्य बल से उस पर नियंत्रण करने की इच्छा रखता है। वहीं बीजिंग ने रूस के साथ अपना गठजोड़ को भी मजबूत किया है और यूक्रेन पर उसके हमले का मौन समर्थन भी किया है।साई ने कहा, इन घटनाक्रमों से पता चलता है कि किस तरह निरंकुश शासन वाले देश विश्व व्यवस्था के लिए खतरा बन गए हैं। अमेरिका के टेनेसी से रिपब्लिकन पार्टी की सीनेटर ब्लैकबर्न ने दोनों सरकारों के बीच साझा मूल्यों को दोहराया और कहा कि वह ताइवान को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में समर्थन करने के लिए काम करना जारी रखेंगी।

## मुंबई 26/11 हमले के वांछित तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने का मामला एक साल से पेंडिंग

वॉशिंगटन। मुंबई में 26/11 हमले के वांछित अपराधी तहव्वुर राणा के भारत को प्रत्यर्पण मामले में कार्रवाई धीमी गति से हो रही है। अमेरिकी संघीय अदालत में पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने से जुड़ा मामला करीब एक साल से लंबित पड़ा है। राणा 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों के मामले में वांछित है। इन आतंकवादी हमलों में छह अमेरिकी नागरिकों समेत 166 लोग मारे गए थे और 200 से अधिक लोग घायल हो गए थे। भारत ने उसे भगोड़ा घोषित किया है। लॉस एंजिलिस में कैलिफोर्निया की जिला अदालत की न्यायाधीश जैकलीन चुलजियान ने इस मामले पर आखिरी सुनवाई जून 2021 में की थी और इस संबंध में आखिरी बार दस्तावेज 15 जुलाई को दाखिल किए गए थे। अब एक साल से अधिक समय बीत चुका है और अदालत ने राणा को भारत में प्रत्यर्पित करने के अमेरिकी सरकार के अनुरोध पर अभी तक फैसला नहीं किया है। तब से अदालत ने इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है। अमेरिकी सरकार ने राणा को भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध करते हुए कहा था कि भारत ने राणा के प्रत्यर्पण अनुरोध में प्रत्येक आपराधिक आरोपों को लेकर पर्याप्त सबूत दिए हैं। राणा मुंबई आतंकवादी हमले में कथित भूमिका के चलते वांछित है और भारत ने उसके प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है। राणा लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली का बचपन का दोस्त है। पाकिस्तानी मूल का 60 वर्षीय अमेरिकी नागरिक हेडली 2008 के मुंबई हमलों की साजिश रचने में शामिल था। वह मामले में गवाह बन गया था और वर्तमान में हमले में अपनी भूमिका के लिए अमेरिका में 35 साल जेल की सजा काट रहा है और उसने ही राणा के खिलाफ गवाही दी है। राणा के वकील ने प्रत्यर्पण का विरोध किया है। संघीय अभियोजकों ने बताया कि लश्कर-ए-तैयबा के सदस्यों द्वारा किए गए हमलों में छह अमेरिकियों सहित 166 लोग मारे गए थे। इन सदस्यों द्वारा रची साजिश से क्योंकि कई लोगों की मौत हुई और उनका इरादा भी यही था या कम से कम वे इन कृत्यों से होने वाले खतरों से वाकिफ थे यह हत्या के आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। अभियोजकों ने कहा, 'कानून के तहत, इस संगठन के अन्य सदस्य भी हत्या के लिए जिम्मेदार माने जाएंगे, भले ही वे प्रत्यक्ष रूप से मौके पर मौजूद ना हों। इस मामले में यह पहले से ही ज्ञात था कि हमलों से हत्या होगी।'

## शिनजियांग पर रिपोर्ट में हो सकती है देरी: यूएनएचआरसी



जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार की निवर्तमान प्रमुख ने बृहस्पतिवार को संकेत दिया कि हो सकता है, उनका कार्यालय अगले सप्ताह उनके कार्यकाल के अंत तक चीन के शिनजियांग क्षेत्र पर अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित रिपोर्ट जारी करने के अपने वादे को पूरा नहीं कर पाए। संवाददाताओं से बात करते हुए मिशेल बेशलेट ने कहा कि उनका कार्यालय इस समय सीमा के अंदर काम पूरा करने की कोशिश कर रहा है जो उन्होंने जून में खुद तय की थी। इससे कुछ समय पहले ही उन्होंने घोषणा की थी कि वह चार साल के एक और कार्यकाल के लिये इस पद पर नहीं बने रहना चाहेंगी। उनका मौजूदा कार्यकाल 31 अगस्त को खत्म हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के कार्यालय ने इसके संकेत नहीं दिए हैं कि उनकी जगह कौन ले सकता है। शिनजियांग के बारे में रिपोर्ट जारी करने में होने वाली देरी का मुद्दा बेशलेट के कार्यकाल के आखिरी महीनों में छाया रहा। इसके बारे में जिनेवा के कई राजनयिकों का मानना है कि उसे एक साल पहले ही पूरा कर लिया गया था। बेशलेट ने कहा कि उनके कार्यालय ने रिपोर्ट के ‘नतीजों’ के बारे में चीन को बता दिया है और अधिकारियों ने काफी संख्या में इस पर टिप्पणियां की हैं। यह एक आम चलन है कि संयुक्त राष्ट्र अधिकार कार्यालय रिपोर्ट जारी करने से पहले संबद्ध देश को इसकी जानकारी देता है। बेशलेट ने कहा कि उनका कार्यालय सिर्फ संभावित तथ्यात्मक त्रुटियों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। बीजिंग जिन्हें जातीय उइगर और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के लिए व्यावसायिक केंद्र बताता है उनकी स्वतंत्र मानवाधिकार समूह निरोध केंद्र के तौर पर आलोचना करते हैं, जबकि अमेरिका सहित कुछ देशों ने बीजिंग पर शिनजियांग में नरसंहार करने का आरोप लगाया है।



ताइपे में अमेरिकी सीनेटर मार्शा ब्लैक बर्न ताइवानी राष्ट्रपति तसांग इन वेने के साथ एक बैठक में भाग लेती हुई।

## अचानक यूक्रेन पहुंचे बोरिस जॉनसन

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने बुधवार को यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस पर देश की अचानक यात्रा की और रूस के साथ चल रहे उसके संघर्ष में लगभग 5.4 करोड़ पाउंड के एक और बड़ी मदद की घोषणा की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के तौर पर यह जॉनसन की यूक्रेन के राजधानी कीव की अंतिम यात्रा थी। जॉनसनअगले महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री का पद छोड़ने वाले हैं ताकि नये प्रधानमंत्री के लिए रास्ता बनाया जा सके। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद पर ब्रिटेन के पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक या विदेश मंत्री लिज ट्रस के बीच से कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्यों द्वारा औपचारिक रूप से चुना जाएगा।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के क्रूर और अवैध आक्रमण से अपनी संप्रभुता की रक्षा कर रहे यूक्रेन के प्रति ब्रिटेन के जारी समर्थन के लिए प्रतिबद्धता जताते हुए जॉनसन ने घोषणा की कि यूक्रेन ''जीत सकता है और जीतेगा।'' जॉनसन ने कहा, ''पिछले छह महीनों से, ब्रिटेन यूक्रेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है, इस संप्रभु देश का इस बर्बर और अवैध आक्रमणकारी से बचाने के लिए समर्थन कर रहा है। आज का समर्थन पैकेज यूक्रेन के सशस्त्र बलों को क्षमता में एक और बढ़ावा देगा जिससे उन्हें रूसी सेना को पीछे धकेलने और अपनी स्वतंत्रता के लिए लड़ने में मदद मिलेगी।'' जॉनसन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात भी की।

## आतंकवाद मामले में इमरान खान को अंतरिम जमानत

**इस्लामाबाद। (एजेंसी)।**



पाकिस्तान की एक आतंकवाद-रोधी अदालत ने राजधानी में एक रैली के दौरान पुलिस, न्यायपालिका और अन्य सरकारी संस्थानों को धमकाने के आरोप में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ पिछले सप्ताह दर्ज आतंकवाद के मामले में उन्हें एक सितंबर तक अंतरिम जमानत दे दी है। आतंकवाद-निरोधी अदालत के न्यायाधीश राजा जवाद अब्बास हसन ने बृहस्पतिवार को खान को एक लाख रुपये के मुचलके पर एक सितंबर तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख खान की जमानत याचिका उनके बृहस्पतिवार को यहां पहुंचने से पहले अदालत में दायर की गई थी।

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि उनके खिलाफ आतंकवाद का मामला पुलिस द्वारा 'बदले की कार्रवाई' के रूप में दर्ज किया गया था। संघीय न्यायिक परिसर के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी, जहां पुलिस और फ्रंटियर कोर के जवान घटनास्थल पर तैनात थे। परिसर के आसपास की सड़कों को भी बंद कर दिया गया। इस बीच, खान गिरफ्तारी की संभावनाओं के मद्देनजर पार्टी ने अपने समर्थकों से आह्वान किया था कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री को हिरासत में लिया जाता है तो वे लोग (समर्थक) ''सड़कों पर उतरें और फिर अगले दिन इस्लामाबाद पहुंचें।''

खान (69) पर रविवार को इस्लामाबाद में एक सार्वजनिक रैली के दौरान एक महिला न्यायाधीश और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को 'धमकी' देने के कारण आतंकवाद-रोधी अधिनियम (आतंकवाद के कृत्यों के लिए सजा) की धारा-सात के तहत मामला दर्ज किया गया था। अपने संबोधन में, खान ने शीर्ष पुलिस अधिकारियों, एक महिला मजिस्ट्रेट, पाकिस्तान के चुनाव आयोग और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ अपने सहयोगी शाहबाज गिल के साथ किये गये व्यवहार को लेकर मामला दर्ज कराने की धमकी दी थी। गिल को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। रैली में, उन्होंने न्यायपालिका को अपनी पार्टी के प्रति 'पक्षपातपूर्ण' रवैये के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा था कि उसे परिणामों के लिए खुद को तैयार करना चाहिए।

पूर्व प्रधानमंत्री ने अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश जेबा चौधरी को भी गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी, जिन्होंने राजद्रोह के एक मामले में राजधानी पुलिस के अनुरोध पर उनके सहयोगी शाहबाज गिल को दो दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया था। पीटीआई प्रमुख ने इस्लामाबाद के पुलिस महानिरीक्षक और उप महानिरीक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कराने की धमकी देते हुए कहा था, ''हम आपको नहीं बख्शेंगे।'' इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने सोमवार को उन्हें तीन दिन की अवधि समाप्त होने से पहले सत्र अदालत से जमानत लेने के निर्देश के साथ तीन दिनों के लिए गिरफ्तारी से संरक्षण दिया था।

खान के खिलाफ प्राथमिकी में कहा गया है कि उनके भाषण ने पुलिस, न्यायाधीशों और देश में भय और अनिश्चितता का माहौल पैदा किया है। सुनवाई के बाद अदालत के बाहर मीडिया से बात करते हुए, खान ने कहा कि पाकिस्तान दुनिया में 'हंसी का पात्र' बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि इस मामले को लेकर दुनिया भर में खबरें चल रही हैं, जिसमें पाकिस्तान को 'बनाना रिपब्लिक ' के रूप में चित्रित किया गया था। उन्होंने कहा, 'हमारी पार्टी के सदस्य शाहबाज गिल को यातना और यौन शोषण का शिकार होना पड़ा और जवाब में, मैंने कहा कि मैं संबंधित पुलिस अधिकारियों और एक मजिस्ट्रेट के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगा, जिन्होंने यातना साबित होने के बावजूद उन्हें (गिल को) पुलिस हिरासत में वापस भेज दिया। लेकिन, विडंबना यह है कि मेरे खिलाफ एक आतंकी मामला भी दर्ज किया गया है।

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री उम्मीदवार ने पत्नी के साथ की गौ पूजा, वायरल हुआ वीडियो, भारतीयों ने की जमकर तारीफ



**लंदन (एजेंसी)।**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद की रेस में आगे चल रहे ऋषि सुनक अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ लंदन में गौ पूजा करते नजर आए। अनुष्ठान के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया जमकर वायरस हो रही हैं। सोशल मीडिया पर ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों की लोग तारीफ कर रहे हैं।

ऋषि सुनक और उनकी पत्नी को वीडियो में गाय की पूजा करते और आरती करते देखा जा सकता है। यह सनक द्वारा भक्तिवेदांत मनोर मंदिर में अपने जन्माष्टमी समारोह की तस्वीरें पोस्ट करने के बाद आया है। सुनक ने पहले ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों का दिल जीता था जब उन्होंने पिछले साल दिवाली मनाई थी और अपने आधिकारिक आवास पर दीये (तेल के दीये) जलाए थे। इससे पहले, प्रतिद्वंद्वी लिज़ ट्रस द्वारा ऋषि सुनक के खिलाफ प्रधानमंत्री पद की दौड़ का नेतृत्व करने की खबरों के बीच, भारतीय प्रवासियों ने उनकी भलाई और जीत सुनिश्चित करने के लिए हवन का आयोजन किया। भारतीय प्रवासी ब्रिटेन में सबसे बड़े जातीय अल्पसंख्यकों में से एक है, जिसमें करीब 1.5 मिलियन लोग हैं, जो कुल आबादी का लगभग 2.5 प्रतिशत है। यह 2.5 प्रतिशत जीडीपी में लगभग 6 प्रतिशत का योगदान करने का अनुमान है। 2022 के लिए ग्रांट थॉर्नटन वार्षिक ट्रैकर ने संकेत दिया कि भारतीय कंपनियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 805 से बढ़कर 900 हो गई है, इस प्रकार राजस्व 54.4 बिलियन पाउंड हो गया है, जो 2021 में 50.8 बिलियन से अधिक है। सनक इस सफलता की कहानी का हिस्सा है। भारतीय प्रवासी जो अब कुछ ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

## अमेरिका भारत को अपना जरूरी साझेदार मानता है: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन (एजेंसी)।**



यूक्रेन के मुद्दे पर भारत व अमेरिका भले ही अपने-अपने राष्ट्रीय हितों के तहत काम कर रहे हों लेकिन अमेरिका, भारत को अपना अपरिहार्य साझेदार मानता है। अमेरिकी राष्ट्रपति के निवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरेन ज्यां पियरे ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷हम मानते हैं कि (भारतीय) साझेदार अपरिहार्य हैं। अमेरिका-भारत रणनीति साझेदारी स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने की हमारी साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है।÷ प्रेस सचिव यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद दोनों देशों के रिश्तों में दूरी आने के संबंध में पूछे गए सवालों का जवाब दे रही थी।

उन्होंने कहा, 'आपने राष्ट्रपति को यह कहते हुए सुना है कि कानून का शासन और मानव स्वतंत्रता और गरिमा को बढ़ावा देना चाहिए।' ज्यां पियरे ने सवाल के जवाब में कहा, 'हमें अपने रिश्तों पर पूरा भरोसा है और आने वालों वर्षों में, हम नियम आधारित व्यवस्था की रक्षा, शांति, समृद्धि को बढ़ावा देने और हमारे लोगों की सुरक्षा तथा मुक्त और स्वतंत्र हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देने के अलावा दुनिया भर में हमारे सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए एक साथ खड़े रहेंगे।' उन्होंने कहा कि अमेरिका स्पष्ट रूप से यूक्रेन के साथ खड़ा है।

## भारत ने यूक्रेन में हिंसा रोकने का आह्वान किया

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।**

यूक्रेन में अशांति की स्थिति और हिंसा को तत्काल रोकने का आह्वान करते हुए भारत ने दोहराया कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने तथा संघर्ष से, खासकर विकासशील देशों में पैदा होने वाली आर्थिक चुनौतियों को कम करने के लिए बातचीत और कूटनीति की वकालत करता है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बुधवार को यूक्रेन में संघर्ष की शुरुआत के छह महीने बाद सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अंदर और बाहर रचनात्मक रूप से काम करना सामूहिक हित में है, ताकि जल्द से जल्द युद्ध का समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा, ''हम फिर से कहना चाहेंगे कि वैश्विक व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और क्षेत्रीय अखंडता और राज्यों की संप्रभुता के सम्मान पर टिकी हुई है।'' उन्होंने कहा, ''भारत अशांति की स्थिति और हिंसा को रोकने की वकालत करता रहा है। हम यूक्रेन और रूस के बीच बातचीत को प्रोत्साहित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक से अधिक बार उनसे इस संबंध में बात की है।'' कंबोज ने कहा कि भारत, यूक्रेन संघर्ष से उत्पन्न होने वाली आर्थिक कठिनाइयों को कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय और भागीदार देशों के साथ काम करेगा। उन्होंने कहा कि युद्ध का प्रभाव केवल यूरोप तक ही सीमित नहीं है और इसने खासकर विकासशील देशों में खाद्य, उर्वरक और ईंधन सुरक्षा पर चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा, ''भारत यूक्रेन की स्थिति पर बेहद चिंतित है। संघर्ष के परिणामस्वरूप उसके लोगों के लिए, विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए जीवन की हानि और अनगिनत दुख हुए हैं, लाखों लोग बेघर हो गए हैं और पड़ोसी देशों में शरण लेने के लिए मजबूर हो गए हैं।'' यूक्रेन ने रूस के साथ जारी युद्ध के बीच बुधवार को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाया और यह यूक्रेन पर रूसी हमला शुरू होने के छह महीने पूरे होने का भी दिन है। अमेरिका सहित पश्चिमी देशों ने इस हमले के बाद रूस पर बड़े आर्थिक और अन्य प्रतिबंध लगाए हैं। भारत ने यूक्रेन पर हमले के लिए रूस की आलोचना नहीं की है। भारत कई बार रूस और यूक्रेन से कूटनीति और बातचीत के रास्ते पर लौटने का आह्वान कर चुका है और दोनों देशों के बीच संघर्ष को समाप्त करने के सभी राजनयिक प्रयासों के लिए अपना समर्थन भी व्यक्त किया है। यूक्रेन में तत्काल मानवीय राहत को प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए, कंबोज ने कहा कि मानवीय कार्रवाई को हमेशा मानवीय सहायता, यानी मानवता, तटस्थता, निष्पक्षता और स्वतंत्रता के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए और इन उपायों का कभी भी राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीनों में, भारत ने यूक्रेन और पड़ोसी देशों जैसे रोमानिया, मोल्दोवा, स्लोवाकिया और पोलैंड को लगभग 97.5 टन मानवीय सहायता की 11 खेप भेजी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन और उसके पड़ोसी देशों ने इस साल फरवरी-मार्च में लगभग 22,500 भारतीय नागरिकों के बचाव और निकासी अभियान में अपना पूरा समर्थन दिया। कंबोज ने कहा, ''यह मानवीय सहायता और मदद भारत सरकार के मानवता केंद्रित दृष्टिकोण का प्रतीक है, जो हमारे राष्ट्रीय विश्वास और मूल्यों का एक केंद्रीय सिद्धांत है, जो पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में मानता है।''

## पाकिस्तान में बाढ़ संबंधी घटनाओं में 937 लोगों की मौत, राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा

**इस्लामाबाद। (एजेंसी)।**

पाकिस्तान सरकार ने देश में बारिश के कारण आई बाढ़ में अब तक 343 बच्चों समेत 937 लोगों की मौत और कम से कम तीन करोड़ लोगों के बेघर होने के बाद राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, सिंध प्रांत में 14 जून से बृहस्पतिवार तक बाढ़ और बारिश से संबंधित घटनाओं में 306 लोगों की जान जा चुकी है। मानसून के मौजूदा मौसम में बलूचिस्तान में 234 लोगों की मौत हुई, जबकि खैबर पख्तूनख्वा तथा पंजाब प्रांत में क्रमशः 185 और 165 लोगों की जान चली गई।

वहीं पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 37 और गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में नौ लोगों की मौत हुई है। समाचार पत्र 'डॉन न्यूज' की खबर के अनुसार, एनडीएमए के आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान में अगस्त माह में 166.8 मिमी बारिश हुई, जो इस अवधि में औसतन होने वाली 48 मिमी बारिश से 241 प्रतिशत अधिक है। इस मानसून में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र सिंध और बलूचिस्तान में क्रमश 784 प्रतिशत और 496 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई।

खबर के अनुसार, बारिश में असामान्य वृद्धि के कारण पाकिस्तान के दक्षिणी हिस्से में अचानक बाढ़ आ गई, जिसके कारण सिंध के 23 जिलों को ''आपदा प्रभावित'' घोषित किया गया है। इस बीच, जलवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एनडीएमए में एक 'वॉर रूम' स्थापित किया है, जो देशभर में राहत कार्यों का नेतृत्व करेगा। उन्होंने बताया कि लगातार हो रही ''भयावह'' बारिश के कारण ''राहत कार्यों को अंजाम देने में परेशानी आ रही है, खासकर हेलीकॉप्टर के माध्यम से।'' मंत्री ने इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' पाकिस्तान में मानसून का आठवां दौर जारी है, आम तौर पर देश में मानसून की बारिश तीन से चार दौर में ही होती है। पाकिस्तान अभूतपूर्व मानसून का सामना कर रहा है और आंकड़ों के अनुसार सितंबर में एक और दौर आने की आशंका है।'' इस सप्ताह की शुरुआत में 2010 की विनाशकारी बाढ़ के साथ मौजूदा स्थिति की तुलना करने वाली रहमान ने कहा कि मौजूदा स्थिति उससे बदतर है। सांसद के अनुसार, भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में देश के विभिन्न क्षेत्रों में पुल और संपर्क के बुनियादी ढांचे बह गए।



उन्होंने कहा, '' करीब तीन करोड़ लोग बेघर हो गए हैं...उनमें से कई के पास खाने को कुछ नहीं है।'' अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मदद की गुहार लगाते हुए उन्होंने कहा कि प्रांतों ने जो जानकारी दी है उसके अनुसार वहां मदद की जरूरत है। उन्होंने बताया कि सिंध प्रशासन ने 10 लाख तंबू मांगे हैं और बलूचिस्तान ने एक लाख तंबू की मांग की है। सभी तंबू बनाने वालों से सम्पर्क किया गया है और अंतरराष्ट्रीय दानदाताओं से भी मदद मांगी गई है।

# मामा बालेश्वर दयाल कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुए

## मतदान पेटियों में प्रत्याशियों का भविष्य पैक

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ।** सुबह से ही छात्र छात्राए वोटरों की कतार देखने को मिली। सुरक्षा के लिहाज से चुनाव डयुटी मे तैनात स्टाफ ने आईडी जांच के बाद ही प्रवेश दिया। छात्रसंघ प्रत्याशियों की टीमों ने वोटरों को मतदान के लिए पहुंचाया। प्रत्याशी की टीमों वोटरों की मनुहार करते देखे गए। फर्जी मतदान रोकने के लिए भी अलग से टीम का गठन किया गया। मतदान पेटियों में प्रत्याशियों का भविष्य पैक। मामा बालेश्वर दयाल कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव के लिए वोटिंग शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। एमबीडी कॉलेज में 87.38% मतदान हुआ,



यहां करीब 1673 वोटर में 1462 स्टूडेंट्स ने मतदान किया। यहां सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक वोटिंग हुई।छात्र संघ चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से मामा बालेश्वर दयाल कॉलेज में सम्पन्न हो गया। डॉ लक्ष्मणलाल परमार प्राचार्य के अलावा महेन्द्र कुमार देपन चुनाव अधिकारी, डॉ रेनु गुप्ता, डॉ भावना उपाध्याय सहित 20 शिक्षा विभाग के कर्मियों ने चुनाव में सहयोग दिया। प्राचार्य ने बताया कि 20 के स्टाफ की आवश्कता है वहां हमारे पास 4 जनोका ही स्टाफ है।पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा, तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह राठौड़,नपा अधिशाषी अधिकारी सोहनलाल नायक आदि कॉलेज परिसर की मुलाकात ली। सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त छात्रसंघ चुनावों को लेकर पुलिस के सुरक्षा बंदोबस्त पुख्ता रहे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी तैनात रहे। पल-पल के मूवमेंट पर नजर रही। मतगणना शनिवार सुबह 10 बजे से होगी।

# भाजपा महिला मोर्चा बांसवाड़ा ने एबीवीपी समर्थित श्यामा निनामा के समर्थन में वोट मांगे

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** भाजपा महिला मोर्चा बांसवाड़ा जिलाध्यक्ष शीतल भंडारी के नैतृत्व में हरिदेव जोशी कन्या महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव प्रत्याशी एबीवीपी समर्थित श्यामा निनामा के समर्थन में वोट मांगे और सुबह 8 बजे से 1 बजे तक वोटिंग तक महिला मोर्चा की पूरी टीम छात्राओं के साथ खड़े रहे।ये जानकारी मिडिया प्रभारी पूजा दवे ने दी।




# राधा सखी महिला मंडल बांसवाड़ा द्वारा सावन मास के शिवरात्री पर पार्थिलिंग पूजा का आयोजन

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** पंच धाम हनुमान मंदिर खांदु कॉलोनी मै श्री राधा सखी महिला मंडल द्वारा सावन मास मै शिवरात्री पर पार्थिलिंग पूजा का आयोजन बड़ी धूम धाम से पंडित उमेश भाई व रमेश भाई ने मनोत्रोंउचरण से सम्पन्न करवाया गया जिसमे उपस्थित रही सखिया सुश्री साधना देवड़ा, जयश्री पंचाल, गायत्री, रेणुका, प्रेमलता, उर्मिला साधना जी, मोती बाई, रेखा, प्रेमलता चौहान, आशा देवड़ा,लक्ष्मी,कांता पवार,हेमलता,चंपा बेन,भगवती बेन, ममता, कामिनी, वन्दना, मदन कुंवर, नेना पंचाल, उमिया बाई, और दुर्गा वाहिनी की ज़िला सहयोगिता साक्षी दक, जसोदा, आदि सखिया उपस्थित रही। इस पुरे कार्यक्रम को सफल बंनाने हेतु साधना देवड़ा का सहयोग रहा। ये जानकारी तरुण कुमार अडीचवाल भाई साहब ने दी।



# पिछले एक माह से रोजगार के लिए हो रहे परेशान, मजदूरों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मरुधर विशेष आमिर खान कामां

कामां.कामां क्षेत्र में आपसी राजनेताओं के खींचतान के कारण खनन कार्य एंव गिट्टी,बजरी उत्पादन व परिवहन से जुड़े मजदूरों के सामने पिछ्ले एक माह से रोजगार का संकट पैदा हो गया है। वहीं इस कामां क्षेत्र के इस प्रमुख कारोबार से गरीब तबके के लोग रोजगार के लिए पलायन करने लगे है। भरतपुर सांसद रंजीता कोली अवैध खनन की रोकथाम पर अपनी मांगों पर है वही क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतों के कारण चार सौ वैध खादनो के कार्य भी बंद करा दिया है। इसको लेकर कामां क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम कामां उपखण्ड अधिकारी दिनेश शर्मा को ज्ञापन सौंपकर कार्य को शुरू कराने की मांग की है।



उपखण्ड अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि पिछ्ले एक माह से सम्पूर्ण खनन जोन बंद पड़ा हुआ है। जिसके कारण गिट्टी,बजरी,डस्ट का उत्पादन नही होने से व खनन कार्य बंद रहने से हजारों की संख्या में मजदूर बेरोजगार होकर बैठे हुए है। कुछ मजदूर बडे शहरों के लिए पलायन करने लगे है। तथा क्रशर जोन से गिट्टी,बजरी सप्लाई करने वाले ट्रांसपोर्टरों के वाहन एक माह से घरों पर खड़े हुए है। जिससे कामां,पहाड़ी,कैथवाड़ा,गोपालगढ़,जुरहरा क्षेत्र के लोगों का करीब पांच सौ करोड़ रूपए का कारोबार ठप पड़ा हुआ है। तथा चालक व परिचालक बेरोजगार हो गए है। वहीं वाहनों का संचालन अंडरलोड से लेकर ओवरलोड पूर्णतया बंद है। और क्रशर उद्योग भी ठप्प पड़ा हुआ है जिसके चलते यहां के गरीब बेरोजगार मजदूर वर्ग जो अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था वहीं उनका रोजगार छिनने के कारण मजदूर वर्ग के सामने रोजगार का बड़ा संकट खड़ा हो चुका है। क्षेत्र के मजदूर वर्ग का कहना है कि जो राजनेता गरीब मजदूर का रोजगार छीनने पर उतारू है वो क्षेत्र का कभी भला नही चाह सकते है मजदूर वर्ग ने सांसद रंजीता कोली पर तंज कसते हुए कहा कि आगामी चुनावों में क्षेत्र की जनता इसका जबाव जरूर देगी। ज्ञापन देने वालो में मुवीन खान,महेश गोयल,धनीराम सैन,ओमप्रकाश सैनी, होतीलाल,श्यामलाल, रतनलाल, भीमसिंह, राधेश्याम,अयूब खान,आमिर खान,छत्रपाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# 28 अगस्त को गांधी विद्यालय, बानसूर में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

**बानसूर** – कस्बे के गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में 28 अगस्त रविवार को एम एल स्पाईन एंड ऑर्थो सेन्टर जयपुर व श्री गांधी पब्लिक विद्यालय समिति के संयुक्त तत्वाधान में नाक, कान, गला एवं हड्डी रोग निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के सचिव जयप्रकाश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बे के गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में जयपुर के डॉ. मोहित कुमार मीणा हड्डी रोग विशेषज्ञ व डॉ. सजेश शर्मा नाक,कान,गला विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जाएगी। कैम्प 28 अगस्त रविवार को विद्यालय परिसर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा। सचिव जे.पी. यादव ने बताया कि कैम्प के दौरान न केवल निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा बल्कि जांच व दवाईयां भी निःशुल्क प्रदान की जाएगीं। शिविर में पीठ दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द,चलने में कठिनाई, हाथ पैरो में झनझनाहट, सुन्न पड़ जाना व कान के पर्दे का प्रत्यारोपण, टेढ़ी-मेढ़ी एवं विकृत नाक को सुन्दर बनाना , थायराइड की गांठ के ईलाज के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित रोगों के मरीजों को लाभ मिल पाएगा।

# जिला कांग्रेस कमेटी की महंगाई पर हल्ला बोल रैली की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

मरूधर विशेष

**अलवर। दिनेश लेखी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर 4 सितंबर 2022 को दिल्ली रामलीला मैदान में होने वाली महंगाई पर हल्ला बोल रैली की तैयारियों को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी,अलवर की बैठक का आयोजन कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री योगेश मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया की राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा हल्ला बोल रैली के लिये अलवर ज़िले के प्रभारी एवं राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष किशनलाल ज़ैदिया,बैठक में भाग लेने के लिए अलवर पधारे।

बैठक में कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने अपने संबोधन में कहा कि अलवर जिले को रैली में बीस हजार कार्यकर्ताओं को ले जाने का टारगेट दिया गया है। अलवर जिले की 11 विधानसभा क्षेत्रों में से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को केंद्र की अलोकतांत्रिक सरकार के खिलाफ दिल्ली पहुंचना है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आमजन को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है, आमजन महंगाई की मार से पीड़ित और त्रस्त है।

प्रभारी किशनलाल जदिया जी ने कहा की ने भारतीय जनता पार्टी जुमलो की पार्टी है जबकि कांग्रेस पार्टी आमजन की पार्टी है, जो गरीबों को दुख दर्द को समझती है,।




मीटिंग को पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव, डॉ आर सी यादव, अजीत सिंह यादव, प्रधान बीपी सुमन, बस्तीराम यादव रोहिताश चौधरी, संजीव बारेठ, दुली चंद मीणा, कमलेश सैनी, शीला मीणा आदि ने भी संबोधित किया।

बैठक में प्रदीप आर्य, गफूर खान, गिरीश डाटा, शिवचरण गुप्ता, कृष्ण कुमार कौशिक जगदीश अवस्थी अरविंद कुमार अवस्थी हीरेन्द्र शर्मा, मोहनलाल, संजय यादव, जीत कौर सांगवान बेनजीर खान, लिली यादव, विजय कुमार शर्मा, बच्चू सिंह चौधरी, उमरदीन खान ,सत्तार खान, नारायणदास छंगाणी, देशपाल यादव, राजेश सिद्ध, जगदीश सोनी, रिपुदमन गुप्ता, डॉ. गौरव यादव,रामस्नेही शर्मा, पंकज शर्मा, साजिद खान, राजेश विरमानी, प्रीतम मेंदीरत्ता नितिन धाकड़, मनीष कोली, नारायण साईंवाल, दुर्गा सिंह, मिंटू सरदार, सोनू गोपालिया,के के खंडेलवाल, गोपाल जायसवाल, देशराज यादव श्याम लाल खत्री छंगामल लखेरा, रामगोपाल सोनी, अशोक नंदा, जमशेद खान, गोपाल प्रसाद तिवारी,मुकेश मंडावरी, रोहताश शर्मा, मनोज जैमन आदि उपस्थित थे।

# शांति पूर्ण हुआ मतदान, छात्रों ने चुने अपने नेता




मरूधर विशेष / प्रकाश भगनानी

अरांई स्थित राजकीय महाविद्यालय में पहली बार छात्र संघ के चुनाव आयोजित किये गए और चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हुए। मतदान करने के लिए छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और अपने अपने उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया। निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि मतदान केंद्र पर कुल 432 मतदाता थे जिसमें से 386 मतदाताओं ने मतदान किया जिससे महाविद्यालय में कुल 89. 35 प्रतिशत मतदान हुआ। और अध्यक्ष सहित 4 पदों पर 12 उम्मीदवारों का भाग्य मतपेटी में बंद हो गया। वही शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए किशनगढ़ ग्रामीण पुलिस उपाधिक्षक लोकेन्द्र दादरवाल, अरांई थानाधिकारी जय सुल्तान सिंह, बोराडा थानाधिकारी नियाज मोहम्मद, तथा बांदरसिंदरी थानाधिकारी प्रभाती लाल मय जाब्ता मौजूद थे।

# भाजपा किसान मोर्चा ने सौपा ज्ञापन, मुआवजा दिलाने की मांग

मरूधर विशेष/प्रकाश भगनानी

भाजपा किसान मोर्चा ने भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष करतार चौधरी चौधरी के नेतृत्व अराई में उपखण्ड अधिकारी को तो बोराडा में नायब तहसीलदार रूपनारायण यादव को ज्ञापन सौंपते हुए फसल खराबे का मुआवजा दिलाने की मांग की। भाजपा किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष राजेश गागूंदा तथा बोराडा मण्डल अध्यक्ष गणेश डूक्या ने बताया कि अरांई व बोराडा क्षेत्र में लगातार लम्बे समय से हो रही रिमझिम और झमाझम बरसात से मूंग सहित अन्य फसले खराब हो गई है तथा खराबे की सूचना के लिए बीमा कम्पनी का टोल फ्री नंबर पर फोन लगा रहा है इसलिए ज्ञापन देते हुए बताया कि शीघ्र खराबे की गिरदावरी करवा कर मुआवजा दिलाया जाये। ज्ञापन देने के दौरान अरांई भाजपा मण्डल अध्यक्ष रामसिंह राठौड़, युवा नेता सांवर लाल भदाला, निर्मल कुमार भण्डिया, छोटू लाल गुर्जर, आदि मौजूद थे।




### महाराष्ट्र के नागपुर से स्मिता पाटले को जी 2 कैटेगरी में मिला फॉरएवर मिस, मिसेज, व टीन 2022 सीजन 2 में सिटी विनर का विनिंग टाइटल

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में फॉरएवर स्टार इंडिया की ओर से 19 से 22 अगस्त तक ऑनलाइन मोड पर हिंदुस्तान के सबसे बड़े नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट "फॉरएवर मिस, मिसेज व मिस टीन 2022 सीजन 2" का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर के अलग अलग शहरों की सिटी विनर्स की ऑनलाइन तरीके से सैश, क्राउन, ट्रॉफी व सर्टिफिकेट के साथ में घर बैठे उनके फैमिली मेंबर्स द्वारा क्राउनिंग की गई। जिसमें महाराष्ट्र के नागपुर से स्मिता पाटले को जी 2 कैटेगरी में सिटी विनर के टाइटल से सम्मानित किया गया। इस पूरे शो का लाइव टेलीकास्ट इस पेजेंट के ऑफिशियल एप्लीकेशन व यूट्यूब चैनल के जरिए किया गया। जिसके द्वारा पेजेंट की पार्टिसिपेंट्स के अलावा, मेम्बर्स व गेस्ट मेंबर्स ने भी क्राउनिंग को लाइव देखा। इसके साथ ही यह सभी सिटी विनर्स अगले राउंड में होने वाले स्टेट विनर्स के लिए एलिजिबल हो चुके हैं। चार दिन तक चले इस कार्यक्रम में विनर्स की क्राउनिंग सेरेमनी के साथ साथ सॉन्ग लॉन्च, एक्ट्रेस लॉन्च, डांस परफॉर्मेंस जैसी अन्य एक्टिविटीज भी की गईं। यह ब्यूटी पेजेंट सेगमेंट में हुआ अपने आप में एक खास प्रयोग है, जो कि देश में पहली बार किया गया है और सबके द्वारा सराहा गया है।




### उत्तराखंड के नैनीताल से आशा बिष्ट को जी 2 कैटेगरी में मिला फॉरएवर मिस, मिसेज, व टीन 2022 सीजन 2 में सिटी विनर का विनिंग टाइटल

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में फॉरएवर स्टार इंडिया की ओर से 19 से 22 अगस्त तक ऑनलाइन मोड पर हिंदुस्तान के सबसे बड़े नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट "फॉरएवर मिस, मिसेज व मिस टीन 2022 सीजन 2" का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर के अलग अलग शहरों की सिटी विनर्स की ऑनलाइन तरीके से सैश, क्राउन, ट्रॉफी व सर्टिफिकेट के साथ में घर बैठे उनके फैमिली मेंबर्स द्वारा क्राउनिंग की गई। जिसमें उत्तराखंड के नैनीताल से आशा बिष्ट को जी 2 कैटेगरी में सिटी विनर के टाइटल से सम्मानित किया गया। इस पूरे शो का लाइव टेलीकास्ट इस पेजेंट के ऑफिशियल एप्लीकेशन व यूट्यूब चैनल के जरिए किया गया। जिसके द्वारा पेजेंट की पार्टिसिपेंट्स के अलावा, मेम्बर्स व गेस्ट मेंबर्स ने भी क्राउनिंग को लाइव देखा। इसके साथ ही यह सभी सिटी विनर्स अगले राउंड में होने वाले स्टेट विनर्स के लिए एलिजिबल हो चुके हैं। चार दिन तक चले इस कार्यक्रम में विनर्स की क्राउनिंग सेरेमनी के साथ साथ सॉन्ग लॉन्च, एक्ट्रेस लॉन्च, डांस परफॉर्मेंस जैसी अन्य एक्टिविटीज भी की गईं। यह ब्यूटी पेजेंट सेगमेंट में हुआ अपने आप में एक खास प्रयोग है, जो कि देश में पहली बार किया गया है और सबके द्वारा सराहा गया है।




## सिक्किम के साउथ सिक्किम से रोशनी सुब्बा को जी 2 कैटेगरी में मिला फॉरएवर मिस, मिसेज, व टीन 2022 सीजन 2 में सिटी विनर का विनिंग टाइटल

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में फॉरएवर स्टार इंडिया की ओर से 19 से 22 अगस्त तक ऑनलाइन मोड पर हिंदुस्तान के सबसे बड़े नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट "फॉरएवर मिस, मिसेज व मिस टीन 2022 सीजन 2" का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर के अलग अलग शहरों की सिटी विनर्स की ऑनलाइन तरीके से सैश, क्राउन, ट्रॉफी व सर्टिफिकेट के साथ में घर बैठे उनके फैमिली मेंबर्स द्वारा क्राउनिंग की गई। जिसमें सिक्किम के साउथ सिक्किम से रोशनी सुब्बा को जी 2 कैटेगरी में सिटी विनर के टाइटल से सम्मानित किया गया। इस पूरे शो का लाइव टेलीकास्ट इस पेजेंट के ऑफिशियल एप्लीकेशन व यूट्यूब चैनल के जरिए किया गया। जिसके द्वारा पेजेंट की पार्टिसिपेंट्स के अलावा, मेम्बर्स व गेस्ट मेंबर्स ने भी क्राउनिंग को लाइव देखा। इसके साथ ही यह सभी सिटी विनर्स अगले राउंड में होने वाले स्टेट विनर्स के लिए एलिजिबल हो चुके हैं। चार दिन तक चले इस कार्यक्रम में विनर्स की क्राउनिंग सेरेमनी के साथ साथ सॉन्ग लॉन्च, एक्ट्रेस लॉन्च, डांस परफॉर्मेंस जैसी अन्य एक्टिविटीज भी की गईं। यह ब्यूटी पेजेंट सेगमेंट में हुआ अपने आप में एक खास प्रयोग है, जो कि देश में पहली बार किया गया है और सबके द्वारा सराहा गया है।



## महाराष्ट्र के मुम्बई से शिल्पी बैनर्जी को जी 2 कैटेगरी में मिला फॉरएवर मिस, मिसेज, व टीन 2022 सीजन 2 में सिटी विनर का विनिंग टाइटल

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में फॉरएवर स्टार इंडिया की ओर से 19 से 22 अगस्त तक ऑनलाइन मोड पर हिंदुस्तान के सबसे बड़े नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट "फॉरएवर मिस, मिसेज व मिस टीन 2022 सीजन 2" का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर के अलग अलग शहरों की सिटी विनर्स की ऑनलाइन तरीके से सैश, क्राउन, ट्रॉफी व सर्टिफिकेट के साथ में घर बैठे उनके फैमिली मेंबर्स द्वारा क्राउनिंग की गई। जिसमें महाराष्ट्र के मुम्बई से शिल्पी बैनर्जी को जी 2 कैटेगरी में सिटी विनर के टाइटल से सम्मानित किया गया। इस पूरे शो का लाइव टेलीकास्ट इस पेजेंट के ऑफिशियल एप्लीकेशन व यूट्यूब चैनल के जरिए किया गया। जिसके द्वारा पेजेंट की पार्टिसिपेंट्स के अलावा, मेम्बर्स व गेस्ट मेंबर्स ने भी क्राउनिंग को लाइव देखा। इसके साथ ही यह सभी सिटी विनर्स अगले राउंड में होने वाले स्टेट विनर्स के लिए एलिजिबल हो चुके हैं। चार दिन तक चले इस कार्यक्रम में विनर्स की क्राउनिंग सेरेमनी के साथ साथ सॉन्ग लॉन्च, एक्ट्रेस लॉन्च, डांस परफॉर्मेंस जैसी अन्य एक्टिविटीज भी की गईं। यह ब्यूटी पेजेंट सेगमेंट में हुआ अपने आप में एक खास प्रयोग है, जो कि देश में पहली बार किया गया है और सबके द्वारा सराहा गया है।




# गारू गांव की मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त होने से आम नागरिक गड्डो से हुए परेशान

मरूधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी।** उपखंड मुख्यालय की ग्राम पंचायत गारू पंचायत के आम रास्ता जो खेरली कठूमर रोड से गारू गांव तक जाने वाले रास्ते से ग्रामवासी बहुत परेशान है। गांव गारू निवासी दलित सेना के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, एवं। राष्टीय सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार परिषद के संस्थापक राष्टीय अध्यक्ष महेंद्र कुमार ओझा ने बताया कि गांव के लिए मुख्य रास्ता स्टेट हाईवे 22 से गांव की तरफ जाने वाली सड़क में बाहरी गड्ढा हो गए हैं। जगह-जगह पानी भरा हुआ है तथा जर जर सड़क में गड्ढे हो रहें हैं। जिससे आने जाने वाले ग्रामवासी एवं गांव में स्थित विद्यालय के कर्मचारी एवं अन्य कर्मचारी विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्राम पंचायत के नागरिकों ने क्षेत्रीय विधायक को भी अवगत करवाया गया था लेकिन क्षेत्रीय विधायक ने इस पर किसी प्रकार से ध्यान नहीं दिया है। गांव के युवा विकास मंच के सदस्यों ने एवं ग्राम वासियों ने मांग की है कि इस सड़क को तुरंत बनवा जाए। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी से निजात मिल सके।और प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क को बनवाया जाए। इधर युवा विकास मंच के संयोजक बनवारी परेवा तथा अध्यक्ष तालेश्वर प्रसाद भण्डारी ने बताया कि खेरली कठूमर रोड की ओर जाने वाले मुख्य रास्ते की हालत बहुत ही खराब है। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सरकार के प्रतिनिधियों से निवेदन है। इस पर अपना ध्यान आकर्षित करें एवं रास्ते को ठीक करवाने की मांग की है।



# बानसूर के राजकीय कॉलेज में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

**बानसूर** -छात्र संघ चुनाव 2022 को लेकर 8 बजे से 1 बजे तक शान्तिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। बानसूर की राजकीय कॉलेज में पहली बार हुए छात्रसंघ मतदान को लेकर छात्र -छात्राओं में भारी उत्साह देखने को मिला । बानसूर में कुल छात्र छात्राओं की संख्या 400 है। जिसमें 336 छात्र छात्राओं ने वोट डाला है। वहीं मुख्य चुनाव निर्वाचन अधिकारी राकेश शर्मा के अनुसार कुल 84% मतदान हुआ है। राकेश शर्मा ने बताया कि मत पेटियों को सील कर पुलिस सुरक्षा के बीच बानसूर थाने में पहुंचाया गया है। मतदान के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कॉलेज परिसर में भारी पुलिस जाब्ता और क्युआरटी के जवान तैनात रहे । मतदान के दौरान प्रत्येक गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी गई। बानसूर की राजकीय कॉलेज में आज छात्र संघ चुनाव को लेकर आज तीन पदों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महा सचिव के लिए मतदान हुआ है। वहीं संयुक्त सचिव के लिए कोमल सैनी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया था। जिसके चलते बानसूर कॉलेज में 3 पदों के लिए ही मतदान हुआ । कल 27 अगस्त को सुबह 10 बजे कॉलेज परिसर में मतगणना होगी। बानसूर के राजकीय कॉलेज में कुल 400 छात्र और छात्राएं मतदाता हैं। जिसमें छात्रों की संख्या 206 है । और छात्रों की संख्या 194 है। मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बानसूर डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा ,एसडीएम राहुल सैनी ,बानसूर थाना अधिकारी राजकुमार राजौरा , हरसोरा थानाधिकारी ताराचंद शर्मा सहित पुलिस जाब्ता व क्युआरटी टीम मौजूद रही

# राजकीय महाविद्यालय कठूमर में छात्रसंघ चुनाव सम्पन्न 74.22 फीसदी विद्यार्थियों ने किया मतदान

मरूधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी।** राजकीय महाविद्यालय कठूमर में शुक्रवार को छात्रसंघ चुनाव शांतिपूर्वक मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ रामनाथ खोरवाल के सानिध्य में सम्पन्न हुए। डॉ सुभाष चंद पालीवाल ने बताया कि कठूमर में छात्रसंघ चुनाव निष्पक्ष व निर्भिक छात्रसंघ चुनाव को लेकर थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने पुलिस जाब्ते के साथ मुस्तैदी से कमान संभाल रखी थी। हालांकि सुबह 8 बजे जब मतदान शुरू हुआ तो मतदान की गति काफी धीमी थी। लेकिन धीरे-धीरे मतदान प्रतिशत बढ़ता गया। सुबह मतदान की शुरुआत सुबह 8.00 बजे से 1.00 बजे मतदान समाप्ति तक मतदान प्रतिशत बढ़कर 74.22 फीसदी हो गया और 450 में से 334 छात्र/ छात्राओं ने वोट डाले। चूंकि राजकीय महाविद्यालय कठूमर में छात्रसंघ चुनाव पहली बार होने जा रहे थे। इसलिए चुनावों को लेकर छात्र/ छात्राओं के अलावा लोगों में काफी उत्साह देखा गया। मतदान को लेकर महाविद्यालय प्रशासन पूरी तरह से चाक चौबंद था। महाविद्यालय प्रशासन ने महाविद्यालय कठूमर में पहली बार होने जा रहे छात्रसंघ चुनावों को लेकर काफी सतर्कता बरती। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रामनाथ खोरवाल ने बताया कि इस दौरान कुल 334 विद्यार्थियों ने अपने मत का प्रयोग किया। जिनमें 194 लड़के एवं 140 लड़कियां थी । कुल मतदान 74.22 %रहा।



# सिद्धनाथ महादेव में श्री हनुमत चरित्र पाठ से होगी श्रावण मास सत्संग की पूर्णाहुति

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** दिनांक 27 अगस्त शनिवार को लोढ़ी काशी बांसवाड़ा के साढ़े बारह स्वयंभू शिवलिंगों में एक जवाहर पुल स्थित श्री सिद्धनाथ महादेव मन्दिर पर श्रावण मास में होने वाले सत्संग अनुष्ठान की पूर्णाहुति सिद्धनाथ महादेव मण्डल एवं श्री हनुमत चरित्र प्रचार समिति के संयुक्त तत्वावधान में श्री हरिहरस्वरूप जी महाराज विरचित महावीर रहस्यमय ग्रंथ "श्री हनुमत चरित्र" के संगीतमय पाठ के साथ होगी । सिद्धनाथ महादेव मण्डल के हरीश पंचाल ने बताया कि मण्डल द्वारा मन्दिर में पवित्र श्रावण मास में प्रतिदिन रात्रि साढ़े आठ से साढ़े दस बजे तक भजन-कीर्तन-सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें प्रभुलाल पंचाल, हीरालाल पंचाल, मोहन पंचाल, देवीलाल पंचाल, प्रकाश पंचाल, जयंतीलाल पंचाल, हरीश पंचाल, नानुलाल पंचाल, विपिन जोशी, पंकज गुप्ता एवं अन्य भजनानंदी महिलाओं व भक्तों द्वारा भजन अर्पित किये गए । प्रतिदिन श्रद्धालु भक्तजनों एवं यजमानों द्वारा भगवान का अभिषेक,आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया एवं पुजारी पूर्णाशंकर जोशी द्वारा भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। ये जानकारी किंकर कपिल जोशी श्री हनुमत चरित्र प्रचार समिति ने दी।

# राजकीय महाविद्यालय कोटड़ा में शांति पूर्व हुआ मतदान

मरुधर हिन्द उदयपुर

**कोटड़ा** महाविधालय मे चुनाव मतदान के लिए विद्यार्थी अपने अपने मत के प्रयोग के लिए उत्साहित नजर आए । महाविधालय चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला रहा । कुल 384 मत में से 351 मत पर विद्यार्थियो ने मतदान किया। मिली जानकारी अनुसार राजकीय महाविद्यालय कोटड़ा में कुल 91.40 प्रतिशत मतदान हुआ है जो अब तक का रिकॉर्ड है। कोटड़ा पुलिस उपाधीक्षक कुशाल चोरड़िया, कोटड़ा थानाधिकारी पवनसिंह, मांडवा थाना अधिकारी उत्तम सिंह, पानरावा थाना अधिकारी रामसीह जाब्ते सहित मौके पर मौजूद।



## लायंस क्लब बहरोड़ रॉयल द्वारा होटल हाईवे एक्सप्रेस न्यू में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

**बहरोड़।** लायंस क्लब बहरोड़ रॉयल द्वारा 25 अगस्त 2022 को शाम 6:00 बजे होटल हाईवे एक्सप्रेस न्यू में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के प्रारंभ में ही सेवा गतिविधि के तौर पर 5 राशन किट पांच गरीब महिलाओं को वितरित की गई। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि व सह प्रांत पाल प्रथम लॉयन ओपी गग्गर रहे व इंस्टॉलेशन ऑफिसर लॉयन डॉक्टर देवेंद्र मदान ने अध्यक्ष लॉयन हर्षित जैन, सचिव लॉयन पवन गुप्ता, कोषाध्यक्ष लॉयन अंकुर जैन व सभी बी ओ डी मेंबर्स को शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान सभी पूर्व अध्यक्षों, अन्य सेवा सामाजिक संस्थानों, भामाशाह, कैबिनेट मेंबर व पत्रकारों का सम्मान किया गया। रीजन चेयरपर्सन लॉयन मनोज शर्मा ने कहा कि लायंस क्लब बहरोड रॉयल बहुत ही अच्छे सेवा कार्य कर रहा है व आगे भी इसी तरह सेवा कार्य जारी रखेगा। जॉन चेयर पर्सन लॉयन ललित शर्मा ने क्लब के परमानेंट प्रोजेक्ट की तारीफ की व ज्यादा से ज्यादा परमानेंट प्रोजेक्ट करने पर जोर दिया तथा डिस्ट्रिक्ट व रीजन के कार्यो को आगे बढ़ाने पर बल दिया। लॉयन ओ पी गग्गर ने 46 नए सदस्य को बहरोड़ रॉयल की सदस्यता की शपथ दिलाई व अपने संबोधन में सदस्यता बढ़ाने की तारीफ की7 मंच संचालन लॉयन सुशील कुमार व लॉयन नेहा जैन द्वारा किया गया7 इस कार्यक्रम में लॉयन डॉ सुरेंद्र यादव, महेश जैन, लायंस क्लब बहरोड, बहरोड किंग्स, भिवाड़ी सिटी, खैरथल मंडी, कोटपुतली सिटी, भारत विकास परिषद, हिंदू जागरण मंच, मानव सेवा संस्था, मानव जागृति मंच के पदाधिकारी व अनेक गणमान्य लोग व भामाशाह मौजूद रहे। लायंस क्लब बहरोड़ रॉयल से चार्टर अध्यक्ष लॉयन महेंद्र शर्मा, कृष्ण अग्रवाल, कृष्ण यादव, रीजन सेक्रेटरी केपी बर्वे, अंकुर गोयल, सौरभ गॉड, भवानी शंकर सैनी, हनुमान प्रसाद, जितेंद्र छिपा, कमल नागपाल, कर्मवीर यादव, कृष्ण कुमार यादव, नरेश अग्रवाल, नरेश यादव, नवीन रोहिल्ला, राजेश गुप्ता, राकेश गोयल, संजय यादव, उमेश चौधरी, विशाल गौड़,विजय सैनी, सुनील गोयल, महेश अग्रवाल व सभी की धर्मप%ी आदि सदस्य उपस्थित रहे।




# नशा मुक्ति तथा पॉलिथीन मुक्त अभियान के तहत रैली निकाली

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

**बानसूर।** नशा मुक्ति तथा पॉलीथिन मुक्त अभियान के तहत शुक्रवार को रोटी बैंक बानसूर के सौजन्य से रैली का आयोजन किया गया। रोटी बैंक संचालक आरसी यादव ने बताया कि रैली सेंट जेवियर स्कूल से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य मार्गो से होती हुई निकाली गई, जिसमें हरे कृष्ण महामंत्र का जाप करते हुए आमजन को नाशा मुक्ति का संदेश दिया गया। इससे पूर्व आईएमए अलवर के अध्यक्ष डॉ विजय पाल यादव ने वहां मौजूद लोगों को नशा व पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई तथा कपड़े के बैग वितरित किए।डॉ यादव ने बताया कि नाश अपराध के द्वार खोलता है।पुरानी पीढ़ी व नई पीढ़ी मिलकर प्रयास करे तो समाज को नशा मुक्त किया जा सकता है। इस मौके पर अलवर गौशाला से मुरली मोहन दास,सेंट जेवियर स्कूल के निदेशक अशोक कुमार यादव, गोकुल चंद सैनी, एसड़ीआई सुभाष यादव,पूर्व सरपंच नरेश कुमार ,केपी कैम्पस से केपी यादव,प्रिंस डिफेंस एकेडमी से रामसिंह यादव, प्रमोद कुमार, गायत्री परिवार से हवलदार रामकुमार, प्रिंसिपल राकेश पाल सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

